दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 17 दिसंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 358 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


## संभल में कुएं की खुदाई से निकली तीन खंडित मूर्तियां, प्रशासन अलर्ट



**लखनऊ।** यूपी के संभल में 48 साल बाद खुले मंदिर के पास स्थित कुएं की खुदाई के दौरान एक के बाद एक तीन मूर्तियां निकली हैं। करीब 15 से 20 फीट तक मंदिर की खुदाई हो चुकी है। इस दौरान कुएं में से खंडित हो चुकी ये मूर्तियां निकली हैं। जो कि 7 से 8 इंच लंबी है। देखने से ये मूर्ति माता-पार्वती जी, गणेश जी और लक्ष्मी जी की प्रतीत हो रही हैं। फिलहाल, जांच-पड़ताल जारी है और मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद है।

दरअसल, संभल के दीपसराय से सटे खग्गू सराय में करीब 4 दशक साल से बंद पड़े पुराने शिव मंदिर को प्रशासन ने शनिवार को फिर से खुलवाया। मंदिर के खुलते ही यहां पुलिस प्रशासन और लोगों की भीड़ लग गई। पूजा-अर्चना भी शुरू हो गई। वहीं, प्रशासन की ओर से मंदिर के बिल्कुल पास पाट दिए गए एक कुएं की भी खुदाई करवाई गई। जब इसकी 15 फीट तक खुदाई हुई तो इसमें एक-एक कर देवी-देवताओं की मूर्तियां निकलने लगीं।

संभल के मंदिर पर खुदाई के दौरान कुएं से तीन मूर्तियां निकालने के बाद एडिशनल एसपी श्रीशचंद्र और सीओ अनुज चौधरी मौके पर पहुंचे हैं। उन्होंने खुदाई में निकली मूर्तियां देखीं और मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि इन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा।






## रोहिंग्या को लेकर महापौर सुनीता दयाल का बड़ा खुलासा

# कहा, कनावनी और वसुंधरा में बसाई जा रही हैं सैकड़ों झुग्गियां

### - आवास विकास एवं सिंचाई विभाग की भूमि से कौन ले रहा है 1500 रुपये महीना
### - मेयर के एक्शन के बाद आवास विकास ने हटवाया अतिक्रमण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली और गाजियाबाद में भाजपा के नेता लगातार रोहिंग्या के मुद्दे को उठा रहे हैं। तो सोमवार को नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल वसुंधरा और कनावनी इलाके के निरीक्षण पर पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने कनावनी और वसुंधरा सेक्टर-01 में आवास विकास एवं सिंचाई विभाग की भूमि पर 500 से अधिक झुग्गियों के बसाए जाने के मामले का खुलासा किया है।

वहीं नगर निगम की मेयर सुनीता दयाल की क्रिया आने के बाद आवास विकास परिषद भी एक्शन में आया और मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने वहां बसे अतिक्रमण को हटाने का काम किया है। महापौर सुनीता दयाल ने दावा किया है कि चारों तरफ से पेड़ों से ढकी भूमि पर रोहिंग्या को बसाने की तैयारी चल रही थीं। वहीं महापौर सुनीता दयाल ने यह भी दावा किया है कि शहर में लगातार रातों-रात रोहिंग्यां और झुग्गियों का प्रकोप बढ़ रहा है। बता दें कि इससे पहले विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर टीलामोड़ इलाके में रोहिंग्यों के बसाने के मुद्दे को प्रमुखता से उठा चुके हैं।

तो उन्होंने इस मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल को भी लैटर लिखा था। वहीं दिल्ली में भी भाजपा के नेताओं के द्वारा रोहिंग्या के मामले को लेकर लगातार आवाज बुलंद की जा रही है। तो वहीं आम आदमी पार्टी इसे भाजपा का ही एजेंडा बता रही है।





### मेयर के एक्शन पर आवास विकास ने दिखाया रिएक्शन, हटाया अतिक्रमण

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद और उसके आसपास के इलाकों पर सरकारी जमीनों और निजी स्थानों पर रोहिंग्यों की बस्ती बढ़ने का दावा लगातार भाजपा के नेता कर रहे हैं। पहले लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस मुद्दे पर अपना खुलासा किया था। तो सोमवार को महापौर सुनीता दयाल ने भी वसुंधरा कनावनी इलाके में अवैध तरीके से रोहिंग्यों और सरकारी जमीनों को घेर कर रोहिंग्या बसाने के मामले का खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि यहां झुग्गी किसने डाली है, यह किसी को पता नहीं है लेकिन एक अमित नाम का व्यक्ति यहां झुग्गी डालने के लिए 1500 रुपये प्रति झुग्गी ले रहा है। सूत्र बताते हैं कि महापौर सुनीता दयाल ने अमित नाम के उस व्यक्ति का फोन नंबर लिया है, उसको चेतावनी दी है कि स्वयं झुग्गियां हटा लें अन्यथा उसको भी नुकसान होगा।

### अमित कर रहा है अपनी भूमि होने का दावा, जांच हुई शुरू

**करंट क्राइम :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को जब महापौर वहां पहुंची और उन्होंने अमित नाम के व्यक्ति से वार्ता की तो उसने बताया कि यह उसकी जमीन है। महापौर सुनीता दयाल ने उसे समझाया की भूमि पर मकान बनाए, आप अपनी भूमि पर झुग्गियां नहीं बसा सकते हैं। रोहिंग्या नहीं बस सकते हैं। इस शहर को वह रोहिंग्यों के जाल से घिरने नहीं देगी। इसके बाद महापौर ने आवास विकास के अधिकारियों से वार्ता करते हुए कार्रवाई करने के लिए भी कहा था।

### महापौर ने उठाया सवाल पेड़ों से घिरे प्लॉट में क्यों बसाई जा रही थीं रोहिंग्या की झुग्गियां

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। पुलिस से लेकर अन्य विभाग इसकी जांच करें कि पेड़ों से छुपे प्लॉट के भीतर झुग्गियां क्यों डाली जा रही थीं। झुग्गियों में रोहिंग्यों को क्यों बसाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि अगर यह रोहिंग्या नहीं हैं, तो नगर निगम के आश्रय स्थल में रुके, लेकिन इस तरीके से शहर के बीचों-बीच वह रोहिंग्या आबादी को नहीं पनपने देंगी।

### पुलिस और इंटेलीजेंस की मुस्तैदी पर फिर उठे सवाल



**करंट क्राइम :** बीते दिनों लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने गाजियाबाद में बड़े पैमाने पर रोहिंग की बसावट का मामला उठाया था। तो वहीं सोमवार को महापौर सुनीता दयाल ने भी इस विषय को लेकर वसुंधरा कनावनी मार्ग पर बनी झुग्गियों के साथ खुलासा किया है। उधर पुलिस और इंटेलीजेंस की टीमें भी लगातार जांच, पड़ताल और इनपुट जुटाने का काम करती हैं लेकिन उनके पास वह जानकारी नहीं पहुंच पाती जो हकीकत में चल रही हैं। बता दें कि लंबे समय से गाजियाबाद में लोकल इंटेलीजेंस इनपुट जुटाने वाली टीम रोहिंग्यां गांव के अलग-अलग ठिकानों का डाटा तैयार कर रही हैं लेकिन अबतक उन पर कोई बड़ी कार्रवाई या प्रहार नहीं हुआ है।

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर विधायक संजीव शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को उनके निवास कालिदास मार्ग पर भेंट की। गाजियाबाद के जनहित की योजनाओं को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी ने सभी जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक जवाब देकर जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया।

## आबकारी विभाग का क्रिसमस-न्यू ईयर गिफ्ट

# 24-25 और 31 दिसंबर को 11 बजे तक खुलेंगी लीकर शॉप

### - राजस्व बढ़ाने के लिए जारी किया गया आदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** क्रिसमस और न्यू ईयर के मौके पर शराब की दुकानें रात 11 बजे तक खुली रखने का फैसला किया गया है। आम दिनों में शराब की दुकानें रात 10 बजे तक बंद हो जाती हैं। योगी सरकार ने यह फैसला राजस्व बढ़ाने के लिए किया है। सरकारी आदेश के अनुसार 24 दिसंबर, 25 दिसंबर और 31 दिसंबर को शराब की दुकानें रात 11 बजे तक खुली रहेंगी। हालांकि, दुकान खुलने का समय पहले की तरह सुबह 10 बजे ही होगा। यूपी सरकार का आदेश सभी तरह की शराब दुकानों के लिए हैं। ऐसे में विदेशी शराब, बीयर और देशी शराब की दुकानें सुबह 10 से रात 11 बजे तक खुली रहेंगी।



### त्योहारों व नव वर्ष को देखते हुए की गई व्यवस्था

करंट क्राइम : गाजियाबाद जनपद में शराब के ठेकों को बंद करने के समय में 24, 25 दिसंबर और 31 दिसंबर को जो संशोधन किया गया है, वो त्योहारों और नव वर्ष को ध्यान में रखकर किया गया है। इन सभी तारीखों को शराब के ठेके जनपद में रात 11 बजे तक खोले जाने का आदेश दिया गया है। यह आदेश उत्तर प्रदेश के आबकारी आयुक्त की ओर से दिया गया है। जिसका पालन प्रदेश के सभी जनपदों में किया जाएगा।

### शराब से मिलता है सबसे ज्यादा रेवेन्यू

**करंट क्राइम :** जीएसटी विभाग को छोड़ दिया जाए, तो प्रदेश में रेवेन्यू के हिसाब से सबसे बड़ा विभाग आकबारी ही है। करीब 40 हजार करोड़ रुपए साल का रेवेन्यू आबकारी विभाग की तरफ से आता है। इस बार विभाग ने 50 हजार करोड़ रुपए के रेवेन्यू का टारगेट लिया है। सबसे ज्यादा शराब की बिक्री होली, दिवाली और नए साल पर ही होती है। नए साल का जश्न यूपी में अब बड़े स्तर पर मनाया जाने लगा है। ऐसे में सरकार ने समय सीमा एक घंटे तक बढ़ाने का फैसला लिया गया है। आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन ने सभी जिलाधिकारियों और लाइसेंस प्राधिकारी को पत्र लिख इस आदेश को तत्काल प्रभाव से रात लागू करने को कहा है। इसमें 24 दिसंबर को रात 11 बजे तक दुकानें खुलेगी।

# 'जिसने पत्थर फेंका, माहौल खराब किया, बच नहीं पाएगा' : सीएम योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया। सत्र के पहले ही दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल हिंसा पर सदन में विपक्ष को जमकर लताड़ लगाई और कहा कि एक भी पत्थरबाज जिसने पत्थर फेंककर संभल का माहौल खराब किया है वो बच नहीं पाएगा। सीएम योगी के इस बयान के बाद से संभल में दंगाइयों और पत्थरबाजों की नींद हराम हो गई होगी। सीएम योगी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर सर्वे हो रहा था 21 नवंबर से सर्वे शुरू हुआ और दो दिन बाद 23 नवंबर को जुम्मे की नमाज के पहले और जुम्मे की नमाज के बाद संभल में जो तकरीरें दीं गईं उसके बाद वहां का माहौल खराब हुआ। पूरी योजना के साथ संभल में सुनियोजित हिंसा को अंजाम दिया गया।



सीएम योगी ने इस दौरान संभल में हिंसा फैलाने वालों को चेतावनी देते हुए कहा, 'जो मंदिर 1978 से बंद था वो मंदिर आज तक खोलने नहीं दिया इन लोगों ने जो वहां बजरंग बली का मंदिर निकल रहा है। वहां पर 22 कूएं किसने बंद किए थे? इन 22 कुओं को भी वहां पर बंद किया गया था और वहां का माहौल इतना तनावपूर्ण किसने बनाया? ये पत्थरबाज कौन थे? एक भी गिरफ्तारी बिना साक्ष्य के नहीं हो रही है और इतना याद रखना जिसने पत्थरबाजी की होगी, जिसने माहौल खराब किया होगा उसमें से एक भी बचने वाला नहीं है... एक भी नहीं बचेगा....'

संभल जामा मस्जिद में मंदिर होने के दावे पर सीएम योगी ने सदन में विपक्ष को ललकारते हुए कहा कि 'सूरज, चांद और सत्य को बहुत देर तक कोई छिपा कर नहीं रख सकता है।' सीएम योगी ने बाबारनामे का हवाला देते हुए विपक्ष को लताड़ लगाते हुए कहा, 'ये तो बाबरनामा में भी लिखा गया है कि हर मंदिर को तोड़कर एक ढांचा खड़ा किया गया है।' भारत की एक विरासत है,सरकार भी उसी को लेकर कार्य कर रही है। ये केवल सर्वे की बात थी,जिलाधिकारी का जिले का एडमिनिस्ट्रेशन का हेड, इनका दायित्व है कि न्यायालय के आदेशों का पालन करें।

संभल में मिले 400 साल पुराने मंदिर को लेकर सीएम योगी ने कहा, 'जो मंदिर 1978 से बंद था वो मंदिर आज तक खोलने नहीं दिया इन लोगों ने जो वहां बजरंग बली का मंदिर निकल रहा है। वहां पर 22 कूएं किसने बंद किए थे? इन 22 कुओं को भी वहां पर बंद किया गया था और वहां का माहौल इतना तनावपूर्ण किसने बनाया? ये पत्थरबाज कौन थे? एक भी गिरफ्तारी बिना साक्ष्य के नहीं हो रही है।' सीएम योगी ने आगे कहा, 'हमारी सरकार ने तो पहले ही कहा कि हम जूडिशियल कमीशन बनाएंगे एक्ट के अंतर्गत ही कमीशन बना हुआ है।

# दो वार्डों में नगर निगम का उपचुनाव आज, पोलिंग पार्टियों ने संभाली कमान

## सुबह आठ बजे से शुरू होगी वोटिंग, 19 दिसंबर को आएगा परिणाम





### दोनों वार्डों में दिलचस्प रहेगा चुनाव

करंट क्राइम : वार्ड 21 में जहां सिंपैथी फैक्टर देखने को मिलेगा, यहां निर्दलीय आनंद गौतम की मृत्यु के बाद चुनाव हो रहा है। जहां भाजपा से बिन्नू राम गौतम मैदान में हैं। तो वहीं वार्ड-19 में बीजेपी अंदर खाने कई तरीके के जोड़-तोड़ चल रहे हैं। हालांकि यहां भी भाजपा की स्थिति मजबूत है लेकिन कांग्रेस की प्रत्याशी भी यहां बड़ा उलट फेर कर सकती हैं, ऐसा कांग्रेस के पदाधिकारी द्वारा दावा किया गया था। देखना होगा 19 दिसंबर को चुनाव परिणाम किसके पक्ष में रहता है और कौन विजयी होता है।

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** मंगलवार को गाजियाबाद नगर निगम के वार्ड-19 और वार्ड-21 में पार्षद पद के लिए उपचुनाव होना है। निगम का उपचुनाव शांतिपूर्वक एवं व्यवस्थित ढंग कराने के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया।

पार्टियों के साथ शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए पुलिस बल की टीमें भी भेजी गई हैं। सुबह 8 से 5 बजे तक मंगलवार को मतदान की प्रक्रिया चलेगी। इस दौरान पुलिस की टीम में भी मुस्तैद रहेंगी, जो शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने में योगदान देंगी।

### लगभग 27 हजार मतदाता चुनेंगे पार्षद

करंट क्राइम : उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वार्ड- 19 में 13,232 मतदाता हैं। वार्ड- 21 में 13,084 मतदाता हैं। वार्ड- 19 के मुकंद नगर, पटेलनगर में सेठ मुकंदनगर इंटर कालेज, गुरुनानक गर्ल्स इंटर कालेज, दयानंद बाल मंदिर स्कूल में 12 बूथ बनाए हैं। वार्ड- 21 के भोवापुर में पुलिस मॉर्डन स्कूल, प्राथमिक विद्यालय हसनपुर, कौशांबी कान्वेंट पब्लिक स्कूल, रेन बसेरा कौशांबी को मतदान केंद्र बनाया है। ईवीएम से चुनाव कराया जाएगा।

### 23 बूथों पर डाले जाएंगे वोट

करंट क्राइम : ।गर निगम के वार्ड-19 और वार्ड- 21 में पार्षद पद के लिए उपचुनाव है। दोनों वार्ड में सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उपचुनाव कराने के लिए दो जोनल मजिस्ट्रेट और चार सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। वहीं उपजिला निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि पार्षदों के निधन के बाद उप चुनाव कराए जा रहे हैं। दोनों वार्ड में उपचुनाव के लिए 23 बूथ बनाए गए हैं। हर एक बूथ पर चार अधिकारियों की टीम रहेगी। उन्होंने बताया है कि मतदान टीम को कलक्ट्रेट



परिसर स्थित जन सुविधा केंद्र से सोमवार को मतदान केंद्रों पर भेज दिया गया। मतदान सुबह आठ बजे शुरू होगा। शाम पांच बजे तक लोग वोट डाल सकेंगे। मतदान के बाद ईवीएम कलेक्ट्रेट परिसर स्थित स्ट्रांग रूप में जमा की जाएगी। 19 दिसंबर को कलेक्ट्रेट परिसर में ही मतों की गिनती होगी। उसी दिन परिणाम घोषित किया जाएगा।

# दिल्ली-एनसीआर में फिर ग्रेप-3 लागू, हवा की वायु गुणवत्ता खराब

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में फिर से वायु प्रदूषण बिगड़ने के साथ ही ग्रेप-3 की पाबंदियां लागू हो गई हैं। अभी तक दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-2 लागू था। दिल्ली-एनसीआर में फिर से ग्रेप-3 लागू हो गया है। दिल्ली में हवा की वायु गुणवत्ता खराब हो गई है। इससे पहले बीते सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-2 नियम की पाबंदियों वाले आदेश को बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ग्रेप 4 के प्रतिबंध पर जो राहत दी गई थी, वो जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह आदेश दिया था।



### नए जोड़े गए नियम

- बीएस-3 स्टैंडर्ड या इससे नीचे के मीडियम गुड्स वीकल (एमजीवी) अब दिल्ली में नहीं चल सकेंगे। जरूरी सामान लेकर आ रहे एमजीवी को इसमें छूट दी गई है।
- बीएस-3 और इससे नीचे के मीडियम गुड्स करियर जो दिल्ली के बाहर रजिस्टर्ड हैं, उन्हें दिल्ली में नहीं आने दिया जाएगा। जरूरी सामान से जुड़े वाहनों इसमें शामिल नहीं हैं।
- एनसीआर से आने वाली इंटरस्टेट बसों को दिल्ली में नहीं आने दिया जाएगा। इलेक्ट्रिक बसों, सीएनजी बसों और बीएस-6 डीजल बसों को इसमें छूट दी गई है। साथ ही ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट वाली बसों, टेम्पो ट्रैवलर को भी छूट दी गई है।


### ग्रेप तीन के तहत इन कार्य पर रहेगी पाबंदी

- पूरे एनसीआर में धूल पैदा करने वाली व वायु प्रदूषण फैलाने वाली सीएंडडी गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध रहेगा।
- बोरिंग और ड्रिलिंग कार्यों सहित खुदाई और भराई के लिए मिट्टी का काम।
- पाइलिंग कार्य, सभी विध्वंस कार्य।
- ओपन ट्रेंच सिस्टम द्वारा सीवर लाइन, पानी की लाइन, ड्रेनेज और इलेक्ट्रिक केबलिंग आदि बिछाना।
- ईंट/चिनाई कार्य।
- प्रमुख वेल्डिंग और गैस-कटिंग कार्य, हालांकि, एमईपी (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग) कार्यों के लिए छोटी वेल्डिंग गतिविधियों की अनुमति दी जाएगी।
- सड़क निर्माण गतिविधियां और प्रमुख मरम्मत।
- परियोजना स्थलों के भीतर व बाहर कहीं भी सीमेंट, फ्लाई-ऐश, ईंट, रेत, पत्थर आदि जैसी धूल पैदा करने वाली सामग्रियों का स्थानांतरण, लोडिंग/अनलोडिंग।
- कच्ची सड़कों पर निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही।
- विध्वंस अपशिष्ट का कोई भी परिवहन।

### ग्रेप-3 में लोगों के लिए सीएक्यूएम की सलाह

- कम दूरी के लिए साइकिल का करें इस्तेमाल या चलें पैदल।
- संभव होने पर कार पूलिंग का लें सहारा।
- सार्वजनिक परिवहन का करें इस्तेमाल।
- दफ्तर से इजाजत मिलने पर वर्क फ्रॉम होम पर चले जाएं।
- निर्माण कार्य समेत दूसरी प्रदूषण पैदा करने वाली गतिविधियों का रोकें।

# आजम और अब्दुल्ला की जमानत याचिका पर यूपी सरकार को 'सुप्रीम' नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान द्वारा दायर याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा। याचिका में इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें मशीन चोरी के एक मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। खान और उनके बेटे ने हाईकोर्ट के 21 सितंबर के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है।

### क्या है मामला?

बता दें, खान, उनके बेटे और पांच अन्य के खिलाफ 2022 में आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। आरोप था कि उन्होंने सड़क साफ करने वाली मशीन चुरा ली थी, जिसे नगर पालिका परिषद, रामपुर जिले ने खरीदा था। यह भी आरोप लगाया गया कि यह मशीन बाद में खान के रामपुर स्थित जौहर विश्वविद्यालय से बरामद की गई थी। उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद वकार अली खान नामक व्यक्ति ने इस संबंध में 2022 में रामपुर के कोतवाली में सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने 2014 में सड़क की सफाई करने वाली सरकारी मशीन चुरा ली थी। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में 'धर्म संसद' के आयोजन पर रोक लगाने की मांग वाली एक याचिका का सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए उल्लेख किया गया। इसमें आरोप लगाया गया कि मुसलमानों के खिलाफ नफरती भाषण दिए गए थे। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण से कहा कि वे याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए एक ई-मेल दाखिल करें। तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग करते हुए भूषण ने कहा कि मुसलमानों के खिलाफ नफरती भाषण दिए जा रहे हैं और याचिका पर सुनवाई की जरूरत है क्योंकि 'धर्म संसद' मंगलवार से शुरू हो रही है। गाजियाबाद के डासना में शिव-शक्ति मंदिर परिसर में मंगलवार से शनिवार तक 'धर्म संसद' आयोजित करने का प्रस्ताव है। उत्तराखंड के हरिद्वार में पहले आयोजित 'धर्म संसद' कथित नफरत भरे भाषणों के कारण विवादों में घिर गई थी। इस संबंध में यति नरसिंहानंद और अन्य सहित कई व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा शुरू किया गया था। कार्यकर्ताओं और पूर्व नौकरशाहों ने गाजियाबाद जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश पुलिस के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है, जिसमें शीर्ष अदालत के आदेशों की जानबूझकर अवमानना करने का आरोप लगाया गया है।

# डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने 22 दिसंबर को आयोजित होनी वाली पीसीएस प्रीलिम्स परीक्षा की तैयारियों के लिए बैठक आयोजित

## दिए गए समय पर पहुंचना अनिवार्य, हर कार्य को समयानुसार ही पूर्ण करें: डीएम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विजयनगर के सभागार में 22 दिसंबर, 2024 को आयोजित होनी वाली उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से पीसीएस प्रीलिम्स एग्जाम की तैयारियों के लिए बैठक की गई।

बैठक के दौरान बताया गया कि प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रीलिम्स एग्जाम 22 दिसम्बर 2024 को दो सत्रों सुबह 9:30 व दोपहर 2:30 पर 2-2 घंटे की समयसीमा में सम्पन्न करायी जायेगी। उक्त परिक्षा से पूर्व 19 दिसम्बर 2024 को पुनः एक बार स्टेटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सैक्टर मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित गणमान्यों की ब्रीफिंग करायी जायेगी, ब्रीफिंग के दौरान सम्बंधित अधिकारी गणों का उपस्थित रहना अनिवार्य है। सभी परीक्षार्थी को सूचित किया गया है कि वे किसी भी प्रकार का इलैक्ट्रॉनिक उपकरण ना लेकर आएं। इसके साथ ही यदि वे अपने वाहन या कोई उपकरण लेकर आते हैं तो वाहन को पार्किंग व उपकरण को क्लॉक रूम में अनिवार्य रूप से जमा करा दें, किसी भी परीक्षार्थी से किसी भी प्रकार का पार्किंग शुल्क या सामान रखने का शुल्क नहीं लिया जायेगा। स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सैक्टर मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक के अलावा किसी के पास भी मोबाइल फोन नहीं होना चाहिए।

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद में पीसीएस प्रीलिम्स एग्जाम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 31 केन्द्र बनाये गये हैं। उक्त सभी केन्द्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सैक्टर मजिस्ट्रेट सहित व्यवस्था को सुदृढ़, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाये जाने हेतु अन्य की नियुक्तियां की गयी हैं। कहा कि परीक्षा केन्द्र पर जिन लोगों की ड्यूटी लगी हो, उनके पास उनकी आईडी होनी अनिवार्य है, उनके अलावा कोई अन्य व्यक्ति परीक्षा केन्द्र में नहीं होना चाहिए। नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने और पारदर्शिता हेतु केन्द्रों पर आवश्यक जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये हैं। सभी लोग इस बात पर ध्यान दें कि दिए गये समय पर पहुंचना अनिवार्य है, हर कार्य को उसके समयानुसार ही पूर्ण करना या कराना है। ब्रीफिंग में मुख्य रूप से डीसीपी सिटी, एडीएम ई अन्य गणमान्य अधिकारीगण व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सैक्टर मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित गणमान्य उपस्थित रहे।

### सतर्क रहें, सावधान रहें, यह बहुत अनिवार्य है : जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

मुख्यमंत्री की मंशानुसार ही नकलविहीन, पारदर्शितापूर्ण परीक्षाएं सम्पन्न करानी हैं। हमें संकल्प लेना है कि हमें दी गयी जिम्मेदारी का हम पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, समयनिष्ठता के साथ पूर्ण करेंगे। सभी परीक्षार्थियों को पेपर प्रारम्भ के समय से 45 मिनट पूर्व तक की परीक्षा केन्द्र में प्रवेश मिलेगा। प्रथम सत्र में 8:45 पर व दूसरा सत्र में 1:45 पर। परीक्षार्थी परीक्षा समय समाप्त होने के उपरान्त ही परीक्षा केन्द्र से बाहर जा सकता है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण परीक्षा है, इसलिए सभी सतर्क रहें, सावधान रहें, यह बहुत अनिवार्य है।

# सरकार को बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए : प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली।** केरल की वायनाड सीट से सांसद प्रियंका गांधी ने सोमवार को लोकसभा में बांग्लादेश का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। प्रियंका गांधी वाड्रा ने शून्यकाल के दौरान बांग्लादेश का मुद्दा उठाते हुए कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ जो अत्याचार हो रहा है, सरकार को उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, बांग्लादेश सरकार से बातचीत करनी चाहिए और पीड़ितों को पूरा समर्थन देना चाहिए। उन्होंने कहा, आज विजय दिवस है। 1971 की लड़ाई को जिन शहीदों ने, जिन सेनाओं ने इसे लड़ा, मैं उनको नमन करना चाहती हूं। मैं देश की जनता को नमन करना चाहती हूं कि आज के दिन जो विजय देश ने पाई वह उनके बिना नहीं हो सकती थी। उस वक्त देश अकेला खड़ा था, कोई साथ नहीं था। बांग्लादेश की जनता की आवाज कोई नहीं सुन रहा था। उस समय भारत की जनता एक होकर अपनी सेना के साथ खड़ी हुई, अपने नेतृत्व के साथ खड़ी हुई, अपने वसूलों के साथ खड़ी हुई। इंदिरा गांधी उस समय पीएम थीं। मैं उनको नमन करना चाहती हूं। उन्होंने सबसे कठिन परिस्थितियों में साहस दिखाया और ऐसा नेतृत्व दिखाया जिससे देश विजयी हुआ। प्रियंका गांधी ने सेना के मुख्यालय से वह तस्वीर उतारने का भी जिक्र किया जिसमें 1971 के युद्ध के बाद पाकिस्तानी सेना भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर रही है।

हालांकि, इसी बीच पीठासीन अधिकारी ने अगले वक्ता को बोलने का मौका दे दिया। इससे पहले प्रश्नकाल में एक पूरक प्रश्न पूछते हुए प्रियंका गांधी ने लोकसभा में मानव-पशु संघर्ष पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वायनाड जिले में जंगली जानवरों के हमले से करीब 90 लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने जंगली जानवरों के हमलों का सामना करने वाले लोगों को दिए जाने वाले मुआवजे के बारे में सवाल उठाया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने जवाब देते हुए कहा कि यह मुद्दा मुख्य मुद्दे से अलग है। उन्होंने कहा, वायनाड क्षेत्र के तीन तालुका क्षेत्रों में मैं खुद भी गया था, हम लोगों ने पूरी टीम बनाई थी। हमने प्रशासन और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के साथ मिलकर काम किया था। उन्होंने कहा कि केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक का बड़ा इलाका है जिसमें यह लोकसभा क्षेत्र आता है। सरकार द्वारा जो कार्य कराए गए हैं, उसकी कॉपी वह अलग से कांग्रेस सांसद को उपलब्ध करा देंगे। इससे पहले प्रियंका गांधी वाड्रा और केरल के कई अन्य सांसदों ने शनिवार को वायनाड की भूस्खलन त्रासदी के पीड़ितों के लिए राहत पैकेज की मांग को लेकर संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया।

## न्यूज डायरी

### स्व. चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयन्ती मनाई गई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट ने बताया कि देश के पांचवें पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती पूरा देश 23 दिसम्बर को मना रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के बाद यह उनकी पहली जयन्ती है। रालोद द्वारा उनकी जयन्ती पर सप्ताह भर गांव-देहात में उनकी नीतियों का प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रत्येक ज़िले में किसान गोष्ठी, किसान चौपाल का आयोजन करेगा जिससे देश के युवाओं को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह को समझने और जानने का अवसर मिलेगा। इन चौपालों व गोष्ठियों में रालोद के नये सदस्य भी बनाए जाएंगे।

### 17 दिसम्बर को मनाया जायेगा पेंशनर दिवस




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रत्येक वर्ष की भांति उप्र राज्य सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को अपराह्न 12:00 बजे पेंशनर दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में होगा, जिसका समन्वय मुख्य कोषाधिकारी एवं जिलाधिकारी द्वारा नामित अपर जिलाधिकारी (एफ०) की अध्यक्षता में होगा। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार समस्त विभागाध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य है, जिससे पेंशनरों की अपने विभाग से सम्बन्धित पेंशन से जुड़ी हुई समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित हो सके।

# जनता से मिलने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करोड़ों खर्च कर रहे हैं : तेजस्वी यादव



**सहरसा।** बिहार में विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित 'महिला संवाद यात्रा' को लेकर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी 15 दिन की यात्रा पर 2 अरब 25 करोड़ 78 लाख रुपए खर्च कर रहे हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर कौन ऐसा मुख्यमंत्री होगा, जो जनता से मिलने के लिए इतने रुपए खर्च करेगा। उन्होंने बताया कि इतने रुपए में बिहार में बहुत सारा काम हो जाता, आखिर वह किस बात की यात्रा कर रहे हैं? यह सिर्फ अधिकारियों की लूट की छूट की यात्रा है। पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव अपने 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा' को लेकर सहरसा पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का विरोध करते हुए कहा कि आज पूरे देश में उपचुनाव भी एक तिथि को संभव नहीं हो पा रहा है। इसे लेकर कम खर्च होने का तर्क दिया जा रहा है, लेकिन आज विज्ञापन पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने निर्णय लिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में अगर उनकी सरकार बनी तो 'माई-बहिन मान योजना' के तहत प्रत्येक महिला को हर महीने 2,500 रुपए दिए जाएंगे, जिससे महिलाएं अपनी जरूरत के सामान की पूर्ति कर पाएंगी। उन्होंने बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की भी चर्चा की।

# सपा नेताओं ने प्रदेश सरकार पर संभल और बहराइच हिंसा को लेकर लगाए जमकर आरोप



### सीएम योगी ने भी हिंसा पर दिया जवाब

इसके पहले सीएम योगी ने संभल हिंसा पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बहराइच और संभल की घटना में कार्रवाई आगे बढ़ रही है। सच सामने आएगा। आपकी पत्थरबाजी से सौहार्द नहीं आएगा।

**लखनऊ।** यूपी के विधानमंडल सत्र में सपा नेताओं ने प्रदेश सरकार पर संभल और बहराइच हिंसा को लेकर जमकर आरोप लगाए। वहीं, कुछ देर बाद संभल हिंसा को लेकर सपा के सदस्यों ने सदन से बर्हिगमन कर लिया।

यूपी विधानमंडल सत्र के पहले दिन सदन में बहराइच और संभल हिंसा को लेकर जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष ने जमकर एक दूसरे पर आरोप लगाए। सपा ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देने के आरोप लगाए। अपना पक्ष रखने के दौरान सपा के विधान परिषद सदस्य शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने कहा कि इस सरकार में मुसलमानों पर अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज हिंदुस्तान में रुके शायद यह उनकी गलती थी। आज प्रदेश में मुसलमानों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके बाद सपा के सदस्यों ने संभल हिंसा के मुद्दे पर सदन से बर्हिगमन कर दिया। आरोपों पर जवाब देते हुए नेता सदन और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष के सभी आरोपों को बेबुनियाद ठहराया और कहा कि आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। एक भी उपद्रवी बचने नहीं पाएगा। भारत एक ऐसा देश है, जहां बहुसंख्यक समाज सिर्फ समान नागरिक कानून मांग रहा है। इसकी मांग कोई बुरी बात नहीं है। विपक्ष सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग करता है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने समान नागरिक संहिता की बात कही तो विपक्ष ने उनके खिलाफ महाभियोग का नोटिस दे दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दंगे में शामिल, तमंचा लहराते और पत्थर फेंकते लोगों के सारे विजुअल मौजूद हैं। दोषियों को कोई बचा नहीं पाएगा।

# संयुक्त किसान मोर्चा 23 दिसंबर को जिलों में राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन करेगा



**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने सभी किसान संगठनों से तत्काल चर्चा करने, पंजाब सीमा पर किसानों के संघर्ष पर दमन समाप्त करने, ग्रेटर नोएडा में जेल में बंद किसान नेताओं को रिहा करने, ह्यकृषि विपणन पर नई राष्ट्रीय नीति की रूपरेखाह्न को तत्काल वापस लेने की मांगों को लेकर देश भर में 23 दिसंबर को जिलों में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन करने की अपील की है। राष्ट्रीय समन्वय समिति की 14 दिसंबर को आयोजित एक बैठक में 21 राज्यों के 44 सदस्यों ने भाग लिया और पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया। बैठक में पिछले 19 दिन से पंजाब हरियाणा की सीमा पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की बिगड़ती स्वास्थ्य पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। इस बैठक में चेतावनी दी गई है कि अगर कोई अप्रिय घटना होती है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जिम्मेदार होंगे। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी से शासन के लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन करने और संघर्ष कर रहे सभी किसान संगठनों और मंचों से तत्काल चर्चा करने की मांग की गई। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी किसानों से विचार-विमर्श करने के लिए कहा है। एसकेएम ने एनडीए-3 सरकार के सत्ता में आने के ठीक बाद 16, 17, 18 जुलाई 2024 को प्रधानमंत्री, संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेताओं और संसद के सभी सदस्यों को एक ज्ञापन सौंपा था। किसानों ने 9 अगस्त को देश भर में कृषि पर कॉर्पोरेट नियंत्रण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन-किया था। एसकेएम ने 26 नवंबर को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और खेत मजदूर संगठनों के मंच के साथ मिलकर 500 से अधिक जिलों में बड़े पैमाने पर मजदूर-किसान विरोध-प्रदर्शन किए, जिसमें लगभग 10 लाख लोगों ने भाग लिया और जिला कलेक्टरों के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा। इस बैठक में प्रधानमंत्री से एमएसपी, कर्ज माफी, बिजली के निजीकरण, एलएआरआर अधिनियम 2013 के कार्यान्वयन सहित किसानों की अन्य जायज और लंबित मांगों को स्वीकार करने और कृषि तथा किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी 25 नवंबर की नई कृषि बाजार नीति को तुरंत वापस लेने का आग्रह किया गया है।

# गीजर की गैस लीक होने से दो सगी बहनों की मौत



**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में मंगलवार को बेहद दर्दनाक हादसा हुआ है। घर पर लगा वॉटर गीजर दो सगी बहनों के लिए काल बन गया। गीजर की गैस लीक होने से दोनों की मौत हो गई। दोनों का शव बाथरूम से निकाले गए। पंजाब में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हुआ है। पंजाब के जालंधर में वॉटर हिटर गीजर की गैस लीक होने से दो नाबालिग सगी बहनों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में कोहराम मच गया। घटना जालंधर देहात के भोगपुर के गांव लड़ोई की है। यहां बाथरूम में नहाने गई दो सगी बहनों की वॉटर गीजर की गैस लीक से मौत हो गई। मृतक बच्चियों की पहचान 12 वर्षीय प्रभजोत कौर और 10 वर्षीय शरणजोत के रूप में हुई है। प्रभजोत 7वीं कक्षा की छात्रा थी और शरणजोत कौर 5वीं कक्षा में पढ़ती थी। परिजनों ने कहा कि दोनों घर में बाथरूम में नहाने गई थी। बाथरूम में लगे पानी गर्म करने वाले गीजर से गैस लीक होने के कारण दोनों बच्चियों का दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

### सुबह स्कूल जाने के लिए तैयार हो रही थी दोनों

दोनों बहनें सुबह स्कूल जाने के लिए बाथरूम में नहाने गई थी। बाथरूम में लगा गीजर ऑन था।

# आप पूरे आत्मविश्वास के साथ चुनाव में उतरेगी : मनीष सिसोदिया

**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने सोमवार को जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में अपने दफ्तर का उद्घाटन किया। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि पार्टी पूरे आत्मविश्वास के साथ आगामी चुनावों में उतरेगी। हमारे पास दिल्ली के लिए एक मजबूत एजेंडा है और हम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में लगातार लोगों की भलाई के लिए काम कर रहे हैं।

NAME CHANGED

I have changed my name from Mohd Sabir to Mohammad Sabir S/o Akbar Ali, R/o F-387, Sec-23, Sanjay Nagar, Ghaziabad for all future purposes.

दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com







# शहर में यू-टर्न और कट बन रहे हैं बड़ा सिर दर्द

## जाम का करना है काम तमाम, तो सड़कों के चौड़ीकरण का भी रखना होगा ध्यान

## संयुक्त चिकित्सालय कट खुलवाने के लिए संजय नगर और रईसपुर के स्थानीय लोगों ने किया भारी विरोध-प्रदर्शन

### एडीसीपी ट्रैफिक को सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यातायात पुलिस शहर में जाम की परेशानी को खत्म करने के लिए यू-टर्न अलग-अलग स्थानों पर बनवा रही है। तो वहीं मुख्य मार्ग के कट बंद किए जा रहे हैं। बीते दिनों यातायात पुलिस द्वारा पत्र लिखा गया था कि पुलिस लाइन से लेकर हापुड़ चुंगी के बीच के कट बंद किया जाए। तो वहीं हापुड़ चुंगी से लेकर एएलटी मार्ग और फ्लाईओवर तक कट बंद हो रहे हैं। इन कटों के बंद कराने का काम शुरू हुआ, तो स्थानीय लोग और व्यापार मंडल से लेकर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन भी कट और यू-टर्न की चौड़ाई कम होने के विरोध में सामने आ गए हैं। सोमवार को संयुक्त जिला अस्पताल के लिए कट खुलवाने की मांग करते हुए संजय नगर और रईसपुर के स्थानीय निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह को ज्ञापन सौंपकर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। वहीं इन लोगों ने चेतावनी दी है कि राजनगर का कट बंद होता है, तो समाधान कराने के लिए आंदोलन भी करेंगे। सोमवार को एडीसीपी ट्रैफिक को ज्ञापन सौंपने वालों में वार्ड-67 के पार्षद अजय शर्मा ,वार्ड 53 के पार्षद प्रतिनिधि राजू, आरडब्ल्यूए संरक्षक एवं भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पूर्व पार्षद नरेंद्र चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं अधिकारियों ने जल्द ही इस पर विचार कर अधिकारियों से अनुमति लेने की बात की है।





### पार्षद से लेकर पूर्व पार्षद और व्यापार मंडल आया कट बंद होने के विरोध में सामने

**करंट क्राइम।** राजनगर से एएलटी तक सभी कटों को बंद किए जाने का विरोध में संजय नगर रईसपुर आसपास के निवासियों ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इसे जनविरोधी कदम बताते हुए एडीसीपी पर ट्रैफिक पीयूष सिंह को ज्ञापन सौंपा और जल्द समाधान किए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने कहा है इन कटों के बंद होने से लाखों लोगों को भारी असुविधा होगी। साथ ही अधिक सड़क हादसे होने का भी डर है। इस मौके पर वार्ड-67 के पार्षद अजय शर्मा ने कहा है कि यह कदम जनता के साथ अन्याय है। गाजियाबाद से अस्पताल जाने वाले लोगों को अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ेगा। उनका समय और ईंधन भी अधिक लगेगा। वहीं वार्ड-53 में रहने वाले राजू ने कहा है कि यह कट सेक्टर-23 की जनता के राजनगर वरदान अस्पताल, सेंट पॉल स्कूल, हिंट चौराहे से जोड़ता है। कट बंद होने से सभी को परेशानी होगी। वही आरडब्ल्यूए संरक्षक एवं भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने कहा है कि यह जनहित की समस्या है और सभी संगठन और लोग इसमें एकजुट हैं। वहीं पूर्व पार्षद नरेंद्र चौधरी द्वारा बताया गया है कि एएलटी से संजय नगर तक के बीच एक बड़ा यू-टर्न खोला जाए। जो यू-टर्न बनाए गए हैं वह छोटे हैं और इनसे जाम की समस्या बढ़ती है।

### कट बंद करने का मामला सोशल मीडिया पर हुआ वायरल




**करंट क्राइम।** संजय नगर फ्लाईओवर से लेकर एएलटी तक के सारे कट बंद किए जाने का मामला सोशल मीडिया पर भी छा गया है। लोग इससे परेशान हो रहे हैं और जनता प्रशासन को सोशल मीडिया के माध्यम से जगाने का काम कर रहा है की कट बंद किए जाने से आम लोगों को परेशानी हो रही है। वह अपनी दिक्कतों को सोशल मीडिया के माध्यम से दर्शा रहे हैं ताकि पुलिस और प्रशासन इस और ध्यान दें और लोगों की असुविधा कम हो।

### प्रदर्शन करने वालों में भाजपा से जुड़े चेहरे रहे अधिक

**करंट क्राइम।** राजनगर और एएलटी मार्ग के मुख्य मार्ग पर बने कट बंद करने के विरोध में पार्षद अजय शर्मा, प्रदीप चौधरी, पूर्व पार्षद नरेंद्र चौधरी, राजकुमार चौधरी, संजय नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन गोयल, महामंत्री हरीश शर्मा, गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी विवेक त्यागी, राहुल चौधरी, मीनू चौधरी, रईसपुर सेवा संस्थान के अध्यक्ष रविंद्र चौधरी सहित अन्य लोग शामिल थे। इसमें कई प्रमुख लोग भारतीय जनता पार्टी से भी जुड़े हुए हैं।

### पूर्व मेयर अशु वर्मा ने भी दिया था यू-टर्न पर सुधार वाला सुझाव



**करंट क्राइम।** कुछ दिन पहले ही पूर्व महापौर अशु वर्मा ने राज नगर में बनाए गए यू-टर्न को लेकर इसके निर्माण और इसके आसपास के स्थान को ठीक प्रकार से ना बनाए जाने को लेकर आपत्ति जताते हुए इसमें सुधार और इसको ठीक करने के लिए सुझाव दिया था। उनका कहना था कि इससे न सिर्फ जाम की समस्या बढ़ने लगी है, बल्कि जो कच्ची सड़क पर वाहन दौड़ते हैं, उनसे धूल उड़ती है और वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। कुल मिलाकर गाजियाबाद में इन दिनों यू-टर्न और कट बंद किए जाने का मामला सिर दर्द बन रहा है। तो वहीं यू-टर्न को बनाने वाली एजेंसियों को यह ध्यान रखना चाहिए कि इसे बनाते समय चौड़ीकरण का ध्यान रखा जाए ताकि वाहन न फंसे और यातायात सामान्य रूप से चलता रहे।



## जब कोर्ट में लगी आवाज - आशा शर्मा हाजिर हों

### वो थीं गैरहाजिर तो जज ने कर दिया केस खारिज



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मामला नगर निगम का है। मामला कोर्ट में है। किस्से में आशा शर्मा है। किस्से में खुर्शीदा है और किस्से में हाजिरी है, किस्से में गैरहाजिरी है। जब बार-बार बुलाने पर आशा शर्मा अदालत में नहीं पहुंची तो फिर केस खारिज हुआ। दरअसल आशा शर्मा ने ही ये चुनाव से संबंधित याचिका दाखिल की थी और ये याचिका वर्ष 2023 में डाली गई थी। इस मामले में आशा शर्मा ने जिला न्यायालय में ये आरोप लगाया था कि वार्ड-34 शहीदनगर की पार्षद खुशीर्दा बेगम चुनाव में धांधली की है। आशा शर्मा की याचिका पर यह केस कोर्ट में दाखिल हुआ और जब आशा शर्मा बार-बार बुलाने पर भी अदालत नहीं आईं तो अदालत ने यह केस खारिज किया।

छह सितंबर को अदालत में पत्रावली पेश की गई थी और अपर जिला जज कोर्ट संख्या-6 में यह केस चल रहा था। अदालत में अपने फैसले में लिखा कि पत्रावली पेश हुई और पुकारने पर भी प्रार्थनी आशा शर्मा उपस्थित नहीं है, जबकि विपक्षी खुर्शीदा बेगम मौजूद हैं। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि पत्रावली के अवलोकन से ये विदित होता है कि पहले की तारीखों में भी इस केस की वादी आशा शर्मा की ओर से कोई उपस्थित नहीं हो रहा है और ना ही कोई स्थगन प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। अब भी कोई उपस्थित नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रार्थनी को अब मामले में कोई रूचि नहीं है। ऐसी दशा में चुनाव याचिका आगे चलाए जाने का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए ये चुनाव याचिका प्रार्थनी आशा शर्मा की अनुपस्थिति में खारिज की जाती है और पत्रावली दाखिल दफ्तर की जाती है।

इस तरह से नगर निगम के मुकदमें में आशा शर्मा की याचिका खारिज हो गई और शहीदनगर की पार्षद खुर्शीदा बेगम को क्लीन चिट मिली है। यह मामला पूर्व मेयर आशा शर्मा का नहीं है। यह मामला शहीदनगर की पार्षद से जुड़ा मामला है।

## मंडल चुनाव का जारी रहा सोमवार को नदिया पार में घमासान

### कहीं फार्म को लेकर हुई जद्दोजहद, तो कहीं ऐज वाली लिमिट को लेकर मच गया तूफान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में संगठन चुनाव हो रहे हैं और सोमवार का दिन मंडल अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया का चुनाव अधिकारी स्तर पर फाइनल डे था। चुनाव अधिकारी अपने-अपने मंडलों में पहुंचे थे और उन्हें सबके आवेदन लेने थे। बताते हैं कि यहां दो मंडलों में काफी नोंकझोंक का माहौल रहा। हालांकि बाद में सबकुछ सामान्य रहा और चुनाव अधिकारियों ने भी इसके लोकतंत्र प्रक्रिया का हिस्सा बताया। वसुंधरा मंडल में मंडल चुनाव वाली प्रक्रिया चल रही थी और यहां 13 लोगों ने आवेदन फार्म लिये थे। बताते हैं कि यहां पर मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा का नाम रह गया। इसी बीच वहां मौजूद अन्य कार्यकताओं ने मौजूदा मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा के फार्म को लेकर तहकीकात की।

यहां जब लिस्ट देखी गई तो हंगामा प्रहलाद दुआ के नाम को लेकर हुआ। दरअसल हंगामे की वजह आयु सीमा थी। मंडल अध्यक्षों के लिये आयु सीमा 35 से 45 वर्ष रखी गई है। यहां हंगामा इस बात को लेकर भी था कि जिस व्यक्ति ने पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ा है उस व्यक्ति का आवेदन स्वीकार क्यों हो रहा है। बताते हैं कि यहां हंगामे की स्थिति पैदा हो गई। यहां पर भाजपा कार्यकर्ता आशीष चौधरी ने इस बात को लेकर आपत्ति दर्ज कराई कि प्रमोद चौधरी ने पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ा और उनका आवेदन क्यों स्वीकार हो रहा है। काफी देर तक इसी बात को लेकर नोंकझोंक होती रही और फिर बाद में चुनाव अधिकारी बोबी त्यागी ने ये मीटिंग समाप्ति की घोषणा की और फिर वो आवेदन पत्र लेकर चले गये।





### लोकतंत्र में है सभी को अपनी बात रखने का अधिकार: बोबी त्यागी



**करंट क्राइम।** भाजपा महानगर उपाध्यक्ष तथा वसुंधरा मंडल के चुनाव अधिकारी बोबी त्यागी ने किसी भी हंगामे से इनकार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था रखने वाली पार्टी है। भाजपा में संगठन स्तर पर भी लोकतंत्र है। कार्यकताओं को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। सबने अपनी बात रखी और हमने दिये गये निदेशों के अनुपालन में सभी से आवेदन स्वीकार किये। 12 फार्म जमा हुए हैं। कौन व्यक्ति पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ा, किसी आयु सीमा अधिक है, यह सब जांच का विषय है और स्क्रीनिंग कमेटी में तय होगा। मंडल में 12 लोग के आवेदन आए हैं।



### मंडल था बृजविहार और आवेदन लेकर हो गया कौन फरार

**करंट क्राइम।** मंडल अध्यक्षों वाली चयन प्रक्रिया अभी फाइनल होनी है। सोमवार को संगठन चुनाव की दृष्टि से सभी के आवेदन लिये गये। जहां वसुंधरा में नोंकझोंक का माहौल रहा वहीं बृजविहार में आवेदन लेकर फरार वाला सीन हो गया। बताते हैं कि बृजविहार में 11 फार्म भरे गए थे। इनमें बाद में पता चला कि एक फार्म कम है। ये फार्म मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी का बताया जाता है। इसी बीच जब ये शोर मचा कि एक फार्म शॉर्ट है तो फिर फार्म की तलाश हुई तो पला चला कि मंडल वाले शर्मा जी इस फार्म को लेकर चले गए हैं। इसके बाद फार्म लेकर फरार हुए शर्मा जी को फोन मिलाए जाते रहे और फार्म कहां गया ये कयास लगाए जाते रहे। बताते हैं कि जद्दोजहद के बाद मामला सुलझ पाया। इस मंडल के चुनाव अधिकारी तथा पूर्व मेयर ने जब ये कहा कि विरोध की अपनी प्रक्रिया है, लेकिन फार्म लेकर चले जाना फेयर नहीं माना जायेगा। उसके बाद फार्म नाटकीय ढंग से वापस आ गया। फिर कहानी 11 फार्म से 12 पर आई। स्वयं मंडल अध्यक्ष ने ये फार्म चुनाव अधिकारी को दिया। हालांकि यहां भी इस स्थिति को लेकर यही बात थी कि जब संगठन में अपनी बात रखने का मौका दिया जा रहा है तो थोड़ा बहुत गतिरोध भी हो जाता है विरोध भी हो जाता है, लेकिन अच्छी बात ये ही कि फार्म तलाश लिया गया और मामला सुलझा लिया गया।

## भारत को बांग्लादेशी हिंदुओं की रक्षा के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जब भी 16 दिसंबर का दिन आता है तब मेरे मानस पटल पर अखबारों में छपा वह चित्र उभरता है जिसमें जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने पाकिस्तान के जनरल एए के नियाजी 93 हजार सेना के साथ ढाका के परेड ग्राउंड में आत्मसमर्पण पत्र पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। दूसरे चित्र में जनरल नियाजी अपनी पिस्तौल जनरल अरोड़ा की टेबिल पर रख कर सैल्यूट कर रहे हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा आत्मसमर्पण था जिसमें 93000 हथियार पाकिस्तानी सेना ने भारत के सामने रख आत्म समर्पण किया था। उस दिन एक इतिहास भी बना था और विश्व का भूगोल भी बदला था, दुनिया के मानचित्र पर बांग्लादेश नाम के नए राष्ट्र का उदय हुआ था। क्या सच में इतिहास अपने को दोहराता है? क्या बांग्लादेश जिसे हमारे बहादुर सैनिकों ने अपने लहू से सींचकर बनाया था, वह हमारे लिए दूसरा पाकिस्तान होने जा रहा है। आज बंगलादेश जिहादियों के नियंत्रण में है। बांग्लादेश के राष्ट्रपिता शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र देकर देश छोड़कर भागना पड़ा और भारत में शरण लेनी पड़ी। बात इतनी-सी नहीं है। बांग्लादेश में जो हिंदू रह रहे हैं उन्हें मारा जा रहा है, उनके पूजा-स्थलों को गिराया जा रहा है, मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। हिंदू महिलाओं का स्त्रीत्व खतरे में है। उनसे जबरदस्ती सरकारी नौकरियों से निकाला जा रहा है। 1946 में जो जिन्ना चाहते थे कि कोलकाता हिन्दू विहीन हो जाय, क्या जिन्ना के उस सपने को जो गोपाल पाठा जैसे लोगों के कारण अधूरा रह गया, बांग्लादेश को हिंदू विहीन करने का प्रयास हो रहा है?

**क्या सच में इतिहास अपने को दोहराता है? क्या बांग्लादेश जिसे हमारे बहादुर सैनिकों ने अपने लहू से सींचकर बनाया था, वह हमारे लिए दूसरा पाकिस्तान होने जा रहा है। आज बंगलादेश जिहादियों के नियंत्रण में है।**



**बांग्लादेश में जो हिंदू रह रहे हैं उन्हें मारा जा रहा है, उनके पूजा-स्थलों को गिराया जा रहा है, मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। हिंदू महिलाओं का स्त्रीत्व खतरे में है।**

**भारत सरकार को वहां के हिंदुओं की रक्षा के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए या तो शेख हसीना को पुनः सत्तारूढ़ कराना चाहिए। नहीं तो जितनी भूमि पर बांग्लादेश में हिन्दू आबादी है, बांग्लादेश से लेकर उतनी भूमि भारत में मिलाकर उन्हें भारत का अंग बना लेना चाहिए।**

बांग्लादेश उन हिंदुओं की भी मातृभूमि है, जन्मभूमि है, कर्मभूमि है, उन्होंने भी जय सोनार बांग्ला के गीत गाकर बांग्लादेश को श्यामला बनाने में उनका और उनके पुरखों का भी योगदान है। भारत उनके लिए पुण्यभूमि तो हो सकती है लेकिन बांग्लादेश उनके लिए उनकी तपोस्थली है।

भारत सरकार को वहां के हिंदुओं की रक्षा के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए या तो शेख हसीना को पुनः सत्तारूढ़ कराना चाहिए। नहीं तो जितनी भूमि पर बांग्लादेश में हिन्दू आबादी है, बांग्लादेश से लेकर उतनी भूमि भारत में मिलाकर उन्हें भारत का अंग बना लेना चाहिए। देश के बंटवारे के समय जोगेन्द्रनाथ मंडल के द्वारा की गई भूल का सुधार करना चाहिए।

## संपादकीय

# देश का आधार – हमारा संविधान

भारतीय संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा में हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोक सभा में यह उचित ही कहा कि संविधान ने आजादी के बाद भारत के लिए सभी पूवार्नुमानित संभावनाओं को हासिल किया है। एक युवा गणतंत्र के जीवन में उतार-चढ़ाव तो आते ही हैं, लेकिन भारतीय संविधान समय की कसौटी पर खरा उतरा है और उसने भारत की अच्छी सेवा की है। इसकी सफलता का सबसे बड़ा उदाहरण सत्ता का निरंतर शांतिपूर्ण हस्तांतरण है, जो जनाकांक्षाओं को प्रदर्शित करता है। यहां यह बताना जरूरी है कि भारत में हर स्तर पर राजनीति बेहद प्रतिस्पर्धी है।

पिछले दशकों में देश में कई तरह के राजनीतिक दलों और गठबंधनों ने शासन किया है। कुछ विफलताओं को छोड़ दें तो वे ज्यादातर समय देश को आगे ले गए हैं। साल 1975 में आपातकाल लागू करना ऐसा ही एक स्पष्ट उदाहरण है। भारत के संविधान को एक गतिशील और जीवंत दस्तावेज के रूप में पेश किया गया था जिसमें एक युवा राष्ट्र की बदलती जरूरतों के अनुकूल लचीलापन निहित था। इसका नतीजा यह हुआ कि हमारे संविधान में 100 से ज्यादा बार संशोधन किए गए। उदाहरण के लिए सबसे हाल का संशोधन संसद और विधान सभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित करने का था, हालांकि यह प्रावधान अगले परिसीमन के बाद ही लागू हो सकेगा। अगर आर्थिक परिप्रेक्ष्य से देखें तो केंद्र और राज्य सरकारों, दोनों ने कराधान की अपनी साझा शक्ति का इस्तेमाल करते हुए वस्तु एवं सेवा कर को लागू करना संभव बनाया और इसके लिए संविधान में प्रासंगिक बदलाव किए गए। इस तरह संविधान ने पिछले वर्षों में भारत को सामाजिक और आर्थिक, दोनों तरह के हितों को आगे बढ़ाने का अवसर दिया है। वैसे तो पिछले हफ्ते संसद में आयोजित दो दिवसीय चर्चा में विभिन्न पहलुओं को छुआ गया, लेकिन कई स्तरों पर यह एकतरफा रही। हालांकि, यह पूरी तरह से अप्रत्याशित भी नहीं था, लेकिन सदस्य इस अवसर का इस्तेमाल इस पर चर्चा के लिए कर सकते थे कि संविधान में अंगीकृत किए गए विचारों पर आगे किस तरह से अमल हो। भारत साल 2047 यानी स्वतंत्रता की शताब्दी तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में काम कर रहा है, इसलिए यह उचित ही है कि इसका उद्देश्य आम नागरिकों के जीवन में परिवर्तन लाना और उन्हें सशक्त बनाना हो। इस संबंध में मौलिक अधिकारों की गारंटी देने वाले कुछ प्रावधानों की चर्चा करना मुनासिब होगा। उदाहरण के लिए अनुच्छेद 14 भारतीय क्षेत्र में कानून के समक्ष समानता या सभी को कानूनों के समान संरक्षण की गारंटी देता है। दूसरे शब्दों में कहें तो संविधान किसी भी तरह के भेदभाव को खारिज करता है। हालांकि भारतीय राज्य सभी नागरिकों को यह गारंटी उपलब्ध कराने में अक्षम साबित हुआ है। उदाहरण के लिए हाल में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने तक, कई राज्यों में ह्यबुलडोजर न्यायह्न चल रहा था जो कि संविधान के शब्दों और भावनाओं, दोनों के खिलाफ था। देश को संस्थाओं, खास तौर पर न्यायपालिका को मजबूत करने की जरूरत है। बड़ी संख्या में लंबित मुकदमों की वजह से फैसले होने में काफी देरी होती है जिससे आम नागरिकों के हित और मौलिक अधिकारों की सुरक्षा प्रभावित होते हैं। इसके अलावा विशेषज्ञों में इसे लेकर आमराय है कि भारत को अगर विकसित देश बनाना है तो उसे बेहतर गुणवत्ता वाली मानव संपदा की जरूरत होगी।

# भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कॉन्ट्रैक्ट वाले कर्मचारियों के वेतन में 5.9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि



**बेंगलुरु।** सोमवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कॉन्ट्रैक्ट वाले कर्मचारियों के वेतन पैकेज में वित्त वर्ष 2021 से वित्त वर्ष 2024 तक 5.9 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) की बढ़ोतरी देखी गई। भारत की लीडिंग स्टाफिंग सॉल्यूशन कंपनी टीमलीज सर्विसेज की रिपोर्ट के अनुसार, यह वृद्धि मुद्रास्फीति, कुशल श्रमिकों की बढ़ती मांग और प्रतिभा को बनाए रखने के लिए प्रतिस्पर्धी वेतन की आवश्यकता की वजह हुई। इसके अलावा, इस क्षेत्र का वर्कफोर्स मुख्य रूप से युवा है, जिसमें 43.6 प्रतिशत व्यक्ति 28-37 आयु वर्ग के हैं। देश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के विस्तार का नेतृत्व इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, ऑटोमोटिव, कपड़ा और रसायन जैसे उद्योगों द्वारा किया जाता है। टीमलीज स्टाफिंग के मुख्य परिचालन अधिकारी सुब्बुराथिनम पी ने कहा, अपनी क्षमता की पहचान करने और उसे अनलॉक करने के लिए, इस क्षेत्र को समावेशी नीतियों को प्राथमिकता देनी चाहिए और उद्योग 4.0 के लिए अपस्किलिंग में निवेश करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, रणनीतिक वर्कफोर्स आउटसोर्सिंग लागत कम करने और परिचालन अक्षमताओं को दूर करने में मदद कर सकती है। रिटेंशन और अडैप्टिबिलिटी पर ध्यान केंद्रित कर यह क्षेत्र न केवल अपने एक ट्रिलियन डॉलर वैल्यूएशन लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है, बल्कि सस्टेनेबल और न्यायसंगत औद्योगिक विकास के लिए एक वैश्विक मानक भी स्थापित कर सकता है। विनिर्माण क्षेत्र का लक्ष्य 2025-26 तक एक ट्रिलियन डॉलर वैल्यूएशन प्राप्त करना है, इसलिए वर्कफोर्स की गतिशीलता का समाधान निरंतर विकास सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण होगा। यह वृद्धि रणनीतिक सरकारी पहल, तकनीकी प्रगति और एक विकसित वर्कफोर्स परिदृश्य द्वारा संचालित है। शैक्षणिक पृष्ठभूमि के मामले में भी वर्कफोर्स अलग-अलग है। इसमें लगभग आधे स्नातक हैं। स्नातक स्तर पर महिलाओं व पुरुषों का प्रतिनिधित्व सबसे अधिक है।

# वैश्विक संकेतों का असर, सेंसेक्स 81,748 पर लाल निशान में बंद



**मुंबई।** मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी के मेटल, आईटी, कमोडिटीज, एनर्जी, एफएमसीजी और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 384.55 अंक या 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,748.57 पर बंद हुआ और निफ्टी 100.05 अंक या 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,668.25 पर बंद हुआ।

जानकारों ने कहा कि शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था, जबकि रियल्टी क्षेत्र ने बढ़ती मांग और 2025 में संभावित ब्याज दरों में कटौती चक्र की उम्मीद में बेहतर प्रदर्शन किया। विनिर्माण और सेवा पीएमआई में वृद्धि वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही की आय में सकारात्मक बदलाव का संकेत देती है, जो वित्त वर्ष 2025 की आय में और गिरावट को सीमित कर सकती है।

उन्होंने कहा, अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड पर बढ़ती यील्ड और डॉलर में मजबूती के कारण निवेशक आगामी अमेरिकी फेड पॉलिसी और 2025 की दरों के लिए इसकी टिप्पणियों पर नजर बनाए हुए हैं। निफ्टी बैंक 2.45 अंक गिरावट के साथ 53,581.35 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 451.50 अंक या 0.77 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,443 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 123.75 अंक या 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,531.05 पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,338 शेयर हरे और 1,802 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि 100 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेक्टोरल फ्रंट पर निफ्टी के ऑटो, पीएसयू बैंक, फार्मा, रियलिटी, मीडिया, प्राइवेट बैंक सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स पैक में टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, टीसीएस, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचसीएल टेक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक और नेस्ले इंडिया टॉप लूजर्स थे। वहीं, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, एमएंडएम और एक्सिस बैंक टॉप गेनर्स थे। बाजार फिलहाल 17-18 दिसंबर को होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का इंतजार कर रहा है।

# सरकारी कोयला कंपनियों ने बीते 5 वर्षों में 10,942 हेक्टेयर पर बनाए 16 इको-पार्क



**नई दिल्ली।** कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि कोयला मंत्रालय के तहत आने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला एवं लिग्नाइट कंपनियों ने एनवायरनमेंट रीजनरेशन के साथ-साथ पर्यटन एवं मनोरंजक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पिछले 5 वर्षों में कोयला खनन क्षेत्रों में और उसके आसपास 16 इको-पार्क स्थापित किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि कोयला खनन क्षेत्रों के आसपास ग्रीन कवर को बढ़ाने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) ने कोयला और लिग्नाइट खनन क्षेत्रों और उसके आसपास वृक्षारोपण एवं जैव-पुनर्ग्रहण प्रयासों के तहत 10,942 हेक्टेयर को हरित क्षेत्र बनाया है। सरकारी कंपनियों ने वृक्षारोपण में इनोवेटिव के साथ पारंपरिक तकनीकों का भी उपयोग किया गया है। इसमें थ्री-टियर प्लांटेशन, सीड बॉल प्लांटेशन, मियावाकी प्लांटेशन, बांस प्लांटेशन और ड्रिप सिंचाई का उपयोग करके ओवरबर्डन डंप पर वृक्षारोपण शामिल हैं।

# भारत 2025 में क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था होगा : मास्टरकार्ड




**नई दिल्ली।** मास्टरकार्ड इकोनॉमिक्स इंस्टीट्यूट (एमईआई) ने सोमवार को अपनी वार्षिक आर्थिक दृष्टिकोण रिपोर्ट में कहा कि मजबूत मध्यम वर्ग और निरंतर निवेश के साथ भारत के 2025 में क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। एमईआई की एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए रिपोर्ट में भारत को सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भी उजागर किया गया है, जिसकी अनुमानित जीडीपी वृद्धि 6.6 प्रतिशत और उपभोक्ता खर्च 2025 में 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है, मजबूत मध्यम वर्ग और निरंतर निवेश से उत्साहित, भारत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच लचीला बना हुआ है और 2025 में वैश्विक विकास में शीर्ष योगदानकर्ताओं में से एक होने की संभावना है। भारत में 25-54 आयु वर्ग की महिलाओं के बीच श्रम बल भागीदारी दर में भी शानदार वृद्धि देखी गई है, जो 2019 से 12 प्रतिशत अधिक है, जबकि इसी आयु वर्ग के पुरुषों के लिए यह 1 प्रतिशत अंक अधिक है। द शीकोनॉमी की वृद्धि ने भारत में महिलाओं की चक्रीय श्रम बल भागीदारी दर को 2019 के स्तर से पूरी तरह से ठीक कर दिया है। एमईआई ने 2024 में 3.1 प्रतिशत की गति के बाद 2025 में 3.2 प्रतिशत वैश्विक जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है। यूरोप और लैटिन अमेरिका और कैरिबियन (एलएसी) के अधिकांश हिस्सों में मामूली विस्तार के साथ अमेरिका, भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) में वृद्धि मजबूत रहने की उम्मीद है। मास्टरकार्ड के एशिया प्रशांत क्षेत्र के मुख्य अर्थशास्त्री डेविड मान ने कहा, अगर 2024 'सामान्य स्थिति में वापस आने' के बारे में था, तो 2025 सामान्यीकरण के बारे में है ।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु :खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

भिखारी- भाई एक रुपया दे दो, तीन दिन से भूखा हूं,
राहगीर- तीन दिन से भूखा है तो एक रुपये का क्या करेगा?
भिखारी- वजन देखना है कि कितना घटा है।

---

चिंटू- भाई, मैंने एक चीज बनाई है
जिससे तू कोई भी चीज आर-पार देख सकता है
मिंटू- वाह ऐसी क्या चीज बना दी भाई?
चिंटू- खिड़की
मिंटू बेहोश!

---

खूबसूरत लड़की के मुंह में थमार्मीटर
रख देहाती डॉक्टर बोला...
डॉक्टर- कुछ देर तक चुपचाप रहना है...
यह देख लड़की का प्रेमी बोला...
यह कितने की चीज है और कहां मिलती है।

## पहुंच गया वो गिर-गिर कर

प्रस्तुति करंट क्राइम



**नरेंद्र राठी**
**(कवि गाजियाबादी)**

साकी क्यूं इतना मैं बेहोश हुआ,
ना इतना भी होश रहा,
हाथों से जाम छूट गया,
पैमाना भी यूं ही टूट गया,
खाली खाली क्यूं है मधुशाला,
बिखरी हुई है सारी आला,
यह बता अब साकी,
कितनी बची है मदिरा बाकी,
या सारी की सारी गई बिखर,
घूंट भी एक क्यूं कर गई असर,
जो लड़खड़ा गया था इस कदर,
यूं ही जाम गिर गया इधर,
साकी रोज मुझे पिलाता था,
जिंदगी जीना सिखाता था,
क्यूं मुझसे मुख मोड़ लिया,
किस मयखाने से खुद को जोड़ लिया,
ना अब तू होगा ना पैमाना होगा,
उजड़ा-उजड़ा यह मयखाना होगा,
पांव एक-एक टेक-टेककर,
उठकर चला वो देख-देखकर,
दूसरी मधुशाला के दर पर,
देखो पहुंच गया वो गिर-गिर कर....//

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

## करंट क्राइम
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

**17 12 2024 आज के जन्मदिन**

सेलेब्रिटी जन्मदिन



जॉन अब्राहम
अभिनेता



रिवांश



मीरा सिंह



अमित सिंघल



हरमीत बक्शी



मानव चावला



हर्ष भारद्वाज



किरण पाल राणा
वरिष्ठ पत्रकार



महेन्द्र सिंह



गौरव त्यागी



कमलेश कुमार



नवनीत गर्ग



प्रशांत राजपूत



राजू सिद्दकी



सचिन शर्मा



नूर गुलाब हुसैन



मिराज चिश्ती



अमन जाटव



विपुल गोयल

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए जी एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# अब गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे शाकिब अल हसन, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने दी जानकारी

**ढाका ।** बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन पर सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट में गेंदबाजी करने से प्रतिबंध लगा दिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इसकी जानकारी दी है। यह कार्रवाई इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा शाकिब के गेंदबाजी एक्शन को अवैध पाए जाने के बाद उन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बीच हुई है।

### गेंदबाजी एक्शन को अवैध पाया गया था

बीसीबी के अनुसार, यह कदम आईसीसी के नियमनुसार लिया गया है। शाकिब को जल्द ही आईसीसी मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र में पुनर्मूल्यांकन से गुजरना होगा, जिसका लक्ष्य उनके गेंदबाजी एक्शन में सुधार करना और निलंबन हटाना है। 37 वर्षीय ऑलराउंडर ने इस साल सितंबर में काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए एक मैच खेला था। इस दौरान मैदानी अंपायर ने उनके गेंदबाजी एक्शन को अवैध पाया था और रिपोर्ट की थी। इसी महीने में लाफबॉरो विश्वविद्यालय में एक स्वतंत्र परीक्षण से शाकिब के गेंदबाजी एक्शन के अवैध होने की पुष्टि हुई थी।



बीसीबी ने बयान में कहा, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को सूचित किया गया है कि राष्ट्रीय टीम के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अधिकार क्षेत्र के तहत प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया है। इसी के तहत शाकिब पर बांग्लादेश के बाहर घरेलू क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से प्रतिबंध लगाया जाता है। उनके गेंदबाजी एक्शन को वैध करार दिए जाने के बाद शाकिब को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजी करने की मंजूरी दी जाएगी।

### असमंजस में है शाकिब का करियर

गेंदबाजी से प्रतिबंध के बावजूद शाकिब पूर्णकालिक बल्लेबाज के तौर पर किसी भी प्रारूप में खेल सकते हैं। राजनेता बनने के बाद शाकिब का अंतरराष्ट्रीय करियर असमंजस में है। शाकिब ने 71 टेस्ट में 4609 रन बनाए और 246 विकेट लिए। उनके नाम 247 वनडे मैचों में 7570 रन और 317 विकेट है। उन्होंने बांग्लादेश के लिए 129 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 2551 रन और 149 विकेट लिए हैं।

# तीसरा टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 445 रन, लंच तक भारत का स्कोर 22/3

**ब्रिस्बेन ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा में तीसरे टेस्ट मैच में मेजबान टीम ने टीम इंडिया पर शिकंजा कस दिया है। इस मुकाबले में कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और कंगारुओं ने इसके जवाब में ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों के साथ 445 रन बनाए। भारत ने इसके जवाब में तीसरे दिन लंच ब्रेक तक 3 विकेट के नुकसान पर 22 रन बना लिए थे। मिशेल स्टार्क ने एक बार फिर भारत को शुरूआती झटके दिए।

इससे पहले, भारत ने सुबह के सत्र में ऑस्ट्रेलिया के बचे हुए तीन विकेट जल्द आउट कर दिए। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन 7 विकेट के नुकसान पर 405 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन की सुबह मिशेल स्टार्क के रूप में 8वां विकेट खोया जब बुमराह ने उन्हें पंत के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने नाथन लियोन को 2 रनों के निजी स्कोर पर बोल्ड कर




दिया। विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी आउट होने वाले पारी के अंतिम बल्लेबाज थे जिन्होंने 88 गेंदों पर 70 रनों की तेज पारी खेली।

भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 76 रन देकर 6, सिराज ने 97 रन देकर 2, आकाशदीप और नीतीश रेड्डी को एक-एक विकेट मिला।

भारतीय बल्लेबाजी की बात करें तो यशस्वी जायसवाल केवल 4 रन बनाकर एक बार मिशेल स्टार्क का शिकार बने। शुभमन गिल को भी स्टार्क ने 1 रनों के निजी स्कोर पर आउट कर दिया।

विराट कोहली सिर्फ 3 रन बनाकर हेजलवुड की गेंद पर चलते बने। खबर लिखे जाने पर ओपनर केएल राहुल और विकेटकीपर ऋषभ पंत क्रीज पर थे।

उल्लेखनीय है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की यह सीरीज पांच टेस्ट मैचों की है। पहला मैच पर्थ में खेला गया था जिसमें भारत को 295 रनों की जीत मिली थी। दूसरे टेस्ट में पिंक बॉल से कंगारुओं ने कमाल करते हुए पलटवार किया और ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया।

# जिम्बाब्वे पर अफगानिस्तान के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए लगा जुमार्ना

**दुबई** जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों पर शनिवार को हरारे में अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है।

आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा, आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एंडी पाइक्रॉफ्ट ने समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए जिम्बाब्वे को लक्ष्य से दो ओवर कम होने का दोषी पाए जाने के बाद जुमार्ना लगाया।₹

खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है।

खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुमार्ना लगाया जाता है।



जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने अपराध के लिए दोषी होने की बात स्वीकार की और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी।

मैदानी अंपायर इकोनो चाबी और फोर्स्टर मुटिजवा, तीसरे अंपायर पर्सीवल सिजारा और चौथे अंपायर लैंग्टन रुसेरे ने आरोप तय किए।

ज़िम्बाब्वे वर्तमान में सभी प्रारूपों के दौरे के लिए अफगानिस्तान की मेजबानी कर रहा है, जिसकी शुरूआत दोनों पक्षों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज से हुई।

पहला टी20 मैच चार विकेट से हारने के बाद, अफगानिस्तान ने जोरदार वापसी की और क्रमशः 50 रन और तीन विकेट से जीत दर्ज करके सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

दोनों टीमें अब तीन वनडे मैचों में भिड़ेंगी जिसके बाद दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला वनडे मंगलवार को हरारे में खेला जाएगा।

# साउदी टेस्ट क्रिकेट में 100 छक्के लगाने से चूक गए

**हैमिल्टन ।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी अपने टेस्ट करियर का अंत 98 छक्कों के साथ करेंगे, जो छक्कों के शतक से दो कम है, क्योंकि वह इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान अपने करियर की अंतिम पारी में दो रन पर आउट हो गए।



साउदी ने शनिवार को सेडन पार्क में चल रहे टेस्ट की पहली पारी में वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल के छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। साउदी और गेल के अब टेस्ट क्रिकेट में एक बराबर 98 छक्के हो गए हैं, जो केवल एडम गिलक्रिस्ट (100), ब्रेंडन मैकुलम (107) और बेन स्टोक्स (133) से पीछे हैं।

न्यूजीलैंड के दूसरे सर्वकालिक सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले साउदी टेस्ट क्रिकेट में अंतिम बार बल्लेबाजी करने उतरे और उन्हें सोमवार को इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

साउदी ने स्टंप्स पर कहा, ₹यह एक अजीब एहसास था। बल्लेबाजी करते हुए इतना दबाव कभी महसूस नहीं किया। लेकिन नहीं, यह अच्छा मजा था। लड़कों के लिए यह दो दिन बहुत बढ़िया रहे। उन्होंने (ब्रेंडन मैकुलम) कुछ कहा - उन्हें ठीक से सुना नहीं। लेकिन वह निश्चित रूप से लंबे समय से वहां हैं और एक बेहतरीन साथी रहे हैं।

# सचिन के 2004 में खेली सिडनी पारी से सीख लें कोहली, भारतीय बल्लेबाज को गावस्कर ने दी सलाह

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने संघर्ष कर रहे विराट कोहली को सचिन तेंदुलकर के 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2004 में सिडनी में खेली गई पारी से सीख लेने की सलाह दी है। कोहली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान लगातार ऑफ साइड गेंद पर अपना विकेट गंवा रहे हैं। गावस्कर ने सुझाव दिया कि कोहली को आउट होने के बचने के लिए ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंदों पर ड्राइव करने की इच्छा से बचना चाहिए।



### ऑफ साइड गेंद से परेशान हो रहे कोहली

कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट की पहली पारी में तीन रन बनाकर आउट हुए। कोहली ने हेजलवुड की बाहर जाती गेंद को छेड़ने की कोशिश की और विकेट के पीछ एलेक्स कैरी को कैच थमा बैठे। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज लगातार कोहली को ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंदों पर अपना शिकार बना रहे हैं। गावस्कर ने इस पर अपनी राय रखी और कोहली को सलाह दी कि वह देखें कि किस तरह सचिन ने 2004 में सिडनी टेस्ट के दौरान कवर ड्राइव नहीं खेलने का फैसला किया था। इससे कोहली को इसी तरह की परेशानी से उबरने में मदद मिलेगी।

गावस्कर ने कहा, हां, मुझे लगता है कि अभ्यास अलग है और मानसिकता भी पूरी तरह से अलग है। अभ्यास में आपको पता होता है कि अगर आप खराब शॉट खेल रहे हैं तो इससे पार पा लेंगे, लेकिन मैच में अगर आउट हुए तो पवेलियन जाना ही होगा। मुझे लगता है कि कोहली को सचिन की 2004 में खेली पारी देखनी चाहिए।

पहले तीन मैचों में वह ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद को खेलकर आउट हो रहे थे। वह स्लिप या गली में कैच आउट हो रहे थे। जब सचिन सिडनी में खेलने उतरे तो उन्होंने फैसला किया कि वह कवर क्षेत्र में आने वाली गेंद को नहीं खेलेंगे। उन्होंने शायद ही उस मैच में कवर ड्राइव लगाई और मेरे ख्याल आपका दिमाग पर इस तरह का नियंत्रण होना चाहिए।

# धैर्य रखें, भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है : जसप्रीत बुमराह

**ब्रिस्बेन ।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट गंवाने के बाद टीम से धैर्य रखने को कहा है।

एक दिन जब बारिश के कारण केवल 33.1 ओवर का खेल संभव हो सका, पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया, जिससे भारत 17 ओवर में 51/4 पर पहुंच गया और ऑस्ट्रेलिया से 394 रन पीछे हो गया। उन्हें फॉलोऑन से बचने के लिए 194 रन की जरूरत है, लेकिन अगले दो दिनों में भारी बारिश के पूवार्नुमान का मतलब है कि भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से पीछे होने से बच सकता है।

बुमराह ने तीसरे दिन के खेल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से कहा, एक टीम के रूप में, हम एक-दूसरे पर उंगली नहीं उठाते हैं और हम उस मानसिकता में नहीं आना चाहते हैं, जहां हम एक-दूसरे पर उंगली उठाते हैं कि आपको यह और वह करना चाहिए। हम एक टीम के रूप में बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं, क्योंकि नए खिलाड़ी आ रहे हैं और यहां क्रिकेट खेलना आसान नहीं है।



भारत के लिए 76 रन देकर 6 विकेट लेने वाले बुमराह ने फिर से बेहतरीन गेंदबाजी की। उनका मानना है कि ऑस्ट्रेलिया में अलग-अलग परिस्थितियों में अनुभवहीन गेंदबाजों के लिए अच्छा प्रदर्शन करना मुश्किल है।

तेज गेंदबाज नितीश कुमार रेड्डी और हर्षित राणा ने मौजूदा सीरीज में अपना टेस्ट डेब्यू किया, जबकि आकाश दीप अपने पहले विदेशी दौरे पर हिस्सा ले रहे हैं।

हालांकि हर्षित ने पर्थ में अपने डेब्यू पर प्रभावित किया, लेकिन एडिलेड में उनका अनुभवहीन प्रदर्शन विकेट के बिना ही सामने आ गया और उन्हें आकाश के लिए जगह बनानी पड़ी, जिन्होंने ब्रिसबेन में शानदार गेंदबाजी की और स्टीव स्मिथ को परेशान किया, लेकिन सिर्फ.एक विकेट हासिल किया। इस बीच, रेड्डी ने विकेट लिए हैं, लेकिन बल्ले से उनका प्रदर्शन ज्यादा प्रभावशाली रहा है।

दूसरों की मदद करना मेरा काम है। मैंने उनसे थोड़ा ज्यादा खेला है, इसलिए मैं उनकी मदद करने की कोशिश कर रहा हूं। हम एक नई टीम हैं, नए खिलाड़ी टीम में आए हैं और हमें उनके प्रति विचारशील होना चाहिए और उन्हें वह सहारा देना चाहिए जिससे वे अनुभव से सीख सकें। पिछली बार भी, जब हम यहां आए थे, तब हमारे पास थोड़ी ज्यादा अनुभवी टीम थी। लेकिन यह वह सफर है जिससे हर टीम गुजरेगी।

# ईसा गुहा ने बुमराह पर 'नस्लीय' टिप्पणी करने के लिए माफी मांगी

**ब्रिस्बेन।** इंग्लैंड की पूर्व महिला क्रिकेटर ईसा गुहा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे तीसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में कमेंट्री करते हुए भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 'प्राइमेट' कहने के कारण हुई किसी भी ठेस के लिए माफी मांगी है।

गाबा में दूसरे दिन के खेल के पहले सत्र के दौरान, बुमराह अपने धमाकेदार स्पैल के बीच में थे, जब ईसा ने फॉक्स स्पोर्ट्स पर कहा, ठीक है, वह एमवीपी है, है न? सबसे मूल्यवान प्राइमेट, जसप्रीत बुमराह। वह वह है जो भारत के लिए सारी बातें करने वाला है, और इस टेस्ट मैच की तैयारी में उस पर इतना ध्यान क्यों दिया गया, और क्या वह फिट होगा।

2008 के मंकीगेट कांड के दौरान दोनों क्रिकेट टीमों के बीच तनाव को देखते हुए 'प्राइमेट' शब्द के इस्तेमाल ने काफी हलचल मचाई। गाबा में तीसरे दिन के खेल से पहले, ईसा ने तीसरे दिन के खेल की तैयारी में माफी मांगी।



कल कमेंट्री में मैंने एक ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया, जिसका कई अलग-अलग तरीकों से मतलब निकाला जा सकता है। सबसे पहले, मैं किसी भी तरह की ठेस के लिए माफी मांगना चाहती हूं। जब दूसरों के लिए सहानुभूति और सम्मान की बात आती है, तो मैंने खुद बहुत ऊंचे मानक तय किए हैं, और अगर आप पूरी ट्रांसक्रिप्ट सुनें, तो मेरा मतलब भारत के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक और ऐसे व्यक्ति की सबसे ज्यादा प्रशंसा करना था, जिसकी मैं भी बहुत प्रशंसा कराती हूं।

मैं समानता की समर्थक हूं और ऐसी व्यक्ति हूं जिसने अपना करियर खेल में समावेश और समझ के बारे में सोचते हुए बिताया है। मैं उनकी उपलब्धियों की विशालता को दशार्ने की कोशिश कर रही हूं, और मैंने गलत शब्द चुना है और इसके लिए मुझे बहुत खेद है।"

एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो दक्षिण एशियाई मूल का भी है, मुझे उम्मीद है कि लोग पहचानेंगे कि वहां कोई और इरादा या दुर्भावना नहीं थी। मुझे उम्मीद है।



# उनके पास निश्चित रूप से स्किल है, आकाश दीप का मुरीद हुआ यह ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

**ब्रिस्बेन ।** भारत के तेज गेंदबाज आकाश दीप भले ही तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन यहां विकेट लेने में नाकाम रहे हों लेकिन गेंद से बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें पैदा करने की उनकी क्षमता की ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने तारीफ की। स्मिथ ने रविवार को अपना 33वां टेस्ट शतक बनाया और चौथे विकेट के लिए ट्रेविस हेड (152) के साथ 241 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। उन्होंने जसप्रीत बुमराह (5/72) के चुनौतीपूर्ण स्पैल और आकाश दीप की धारदार गेंदबाजी के खिलाफ संघर्ष भी किया।

स्मिथ ने गाबा में दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ह्यह्यमुझे लगता है कि आकाश ने काफी अच्छी गेंदबाजी की, विशेषकर पहले स्पैल में। वह काफी मूवमेंट के साथ गेंद को घुमा रहे थे। उन्होंने वास्तव में अच्छी लेंथ से गेंदबाजी की। वह एक अच्छे गेंदबाज हैं। यह पहली बार था जब मैंने उनका सामना किया। निश्चित रूप से उनमें कुछ कौशल है।

स्मिथ ने कहा, ह्यह्यजब दूसरी नई गेंद आई तो जसप्रीत आया और उसने वह किया जो हम जानते हैं कि जसप्रीत कर सकता है। वहां दो विकेट खोना दुर्भाग्यपूर्ण था। लेकिन हम इस समय काफी मजबूत स्थिति में हैं। स्मिथ ने 101 रन की पारी खेलकर 18 महीने के शतक के सूखे को समाप्त किया। उन्होंने हेड के साथ मैदान पर अपनी बातचीत के बारे में भी बात की जिन्होंने 160 गेंद में 152 रन बनाए।

उन्होंने कहा, ह्यह्यट्रेविस की बल्लेबाजी देखने के लिए मेरे पास एक शानदार सीट थी। ट्रेविस लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। जिस तरह से वह शुरू से ही गेंदबाजों पर दबाव बनाने में सक्षम था, वह काफी अविश्वसनीय है ।स्मिथ ने कहा, ह्यह्यवह इस समय एक विशेष खिलाड़ी है। वह बहुत अच्छा खेल रहा है और हमारी टीम की बहुत मदद कर रहा है और जब भी वह खेलने के लिए मैदान पर जाता है, गेंदबाजों पर दबाव डालता है।

यह फिर से देखना अच्छा लगा। मैदान पर अपनी बातचीत के बारे में उन्होंने कहा, ह्यह्यहम वहां एक-दूसरे से अधिक कुछ नहीं कहते। वह बस कहता है, ह्यअपना काम करो। मैं कहता हूं, ह्यअपना काम करो, और हम आगे बढ़ जाते हैं।

# नोएडा में बिक रहा ऑनलाइन गांजा शिलांग का गांजा कॉलेजों और पीजी में हो रहा था सप्लाई, पुलिस ने दबोचे पांच तस्कर

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा में थाना फेज-3 पुलिस और सीआरटी टीम ने ऑनलाइन गांजा तस्करी करने वाले गैंग का पदार्फाश करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों के पास 15 लाख रुपये कीमत का शिलांग गांजा और करीब 234 ग्राम हशीश बरामद की गई। पकड़े गए आरोपी कार से शिलांग जाते थे और वहां से गांजा लेकर आते थे। पुलिस को इन पर शक न हो, इसके लिए एक महिला इनके साथ जाती थी। ये दिल्ली एनसीआर के कॉलेजों, पीजी और अन्य जगहों पर ऑनलाइन गांजा सप्लाई करते थे। पुलिस अब गैंग के अन्य आरोपियों की तलाश में जुटे हैं।



### मार्केटिंग कंपनी का लगाते थे रैपर

बिंटू खुद शिलांग जाकर सैंपल पास करता था। इसके बाद कागल के साथ गांजा लाता था। बिंटू ने कई सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर उन पर नंबर डाल दिए थे। इस नंबर पर जब ग्राहक कॉल करता था या ग्रुप पर आता था तो ये लोग कूरियर के जरिए ग्राहक को गांजा सप्लाई करते थे। गांजे को रैप करके किसी ऑनलाइन मार्केटिंग कंपनी का रैपर लगाया जाता था। ताकि किसी को शक न हो। माल डिलीवरी से पहले ही ये ऑनलाइन पैसे मंगवा लेते थे। इसके अलावा काजल और अन्य दोस्त कॉलेज पीजी के पास ग्राहक तलाशते थे।

### पुलिस खंगाल रही बैंक खाते

सेंट्रल नोएडा डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि पांच गांजा तस्करों सेक्टर-71 डंपिंग ग्राउंड के पास से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान बिंटू उर्फ कालू, सतेंद्र शर्मा, संदीप कुमार, आसिफ जमाल और काजल के रूप में हुई है। गिरोह का सरगना बिंटू है। यह पहले भी तीन बार जेल जा चुका है। दो बार नोएडा से और एक बार बुलंदशहर से। इसके कई बैंक खाते मिले हैं। जिसमें ग्राहक गांजा के लिए पैसे जमा करते थे। खातों की डिटेल निकाली जा रही है। साथ ही इनके और कितने साथी हैं, इसकी भी तलाश की जा रही है। ये लोग शिलांग से गांजा और हशीश लाकर एनसीआर क्षेत्र में ऑनलाइन अवैध नशे का कारोबार करते हैं। बिंटू गिरोह का सरगना है। वह अपने व्हाट्सएप नंबर और क्यूआर कोड के जरिए पेमेंट लेता है। ये कूरियर के जरिए गांजा और हशीश सप्लाई करते हैं। इनके जरिए सैकड़ों लोगों को गांजा और हशीश बेचा जा चुका है।

### पांच साल में कमाए लाखों

डीसीपी ने बताया कि पहले वे अपने ठिकाने पर गांजा बेचते थे। पुलिस के पकड़े जाने के डर से उन्होंने एनसीआर क्षेत्र में ऑनलाइन गांजा और चरस बेचना शुरू कर दिया। वे पिछले 5 साल से यह काम कर रहे हैं। पकड़ा गया संदीप कूरियर का काम कर ग्राहक तलाशता था। काजल लड़कियों के बीच ग्राहक तलाशती थी। आसिफ और सतेंद्र बिंटू के यहां ड्राइवर का काम करते हुए तस्करी में शामिल हैं।

# पुलिस उपायुक्त (अपराध) ने व्यांपारियों संग साइबर क्राइम रोकने पर चर्चा की



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में पुलिस प्रशासन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह व पटका पहनाकर उनका स्वागत किया गया। एक निजी स्थल पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल, मंच संचालन मनोज सोनी व महेश कश्यप ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस उपायुक्त (अपराध) सच्चिदानंद ने कहा कि देश में साइबर अपराध तेजी से अपने पैर पसार रहा है। गाजियाबाद जिले में काफी लोगों के साथ यह अपराध बढ़ता जा रहा है। इस पर लगाम लगाने के लिए कई विषयों पर खुलकर व्यापारियों के साथ चर्चा की व मार्गदर्शन दिया। सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने कहा कि राम अग्रवाल का केस हमारे लिए एक चुनौती से कम नहीं था, लेकिन इस मामले में आधे से ज्यादा सामान बरामद कर हमने इसका कुछ दिन पहले खुलासा किया था, और जल्द ही इस व्यापारी को 11 लाख रुपए की वसूली जल्द ही कराई जाएगी। मंच पर प्रदेश मंत्री सतीश अग्रवाल, डॉ0 बबली गुर्जर, अरुण त्यागी, शहजाद चैधरी, अकरम गाजी, पुनीत जैन गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




### उन्होनें तो हिला दी टंग अब हो जायेगें औरो के रास्ते पद के लिये बंद

नेशनल वाले आये और माईक हाथ में आते ही वो एकदम एंग्री लीडर हो गये। सुना है कि इस बात को भी कंसीडर नही किया कि जुबान उनकी है मगर कान तो पब्लिक के हैं। अब उन्होने मंच से कहा कि पद की सेल हो रही है तो इसका मतलब कुछ तो खेल हुया है। वो तो डेट एंड टाइम बता कर कह रहे थे कि जो सेल हुई सो हुई और जो खेल हुया सो हुया मगर अब किसी ने सोचा भी तो मैं उसे अपोजीशन में जाकर पालिटिक्स करने के लायक नही छोड़ूंगा। उनकी जुबान लगातार शोले उगल रही थी और ऐसे में बोले तो बोले कौन वाला सीन था। उनके जाने के बाद फूल वालों ने कहा कि इतनी भी उतावलापन ठीक नही हैं। पुराने भाजपाई ने कहा कि सुना तो सब ने है पर बोलेगा कोई नही। लेकिन एक बात आपको बता दूं कि उन्होने तो मंच से टंग हिला दी मगर कितनों के रास्ते बंद हो जायेगें इसका उन्हे गुमान भी नही है। अब हर पद का एक तराजू बिना कहे भी मान लिया जायेगा। जो भी हो उन्होने जो कहा वो कम से कम मंच से पब्लिकली नही कहना चाहिये था। जब वो रेट की बात को लेकर इतना अपडेट थे तो हैंड टू हैंड ये भी बता देते कि किस पद का क्या रेट है और किसकी तरफ निशाना साधा जा रहा है।

### ये तो महज डाकियें हैं देवतुल्यों और बाकी है अभी जज्बातों का खेला

फूल वालों के हाईकमान ने कह दिया सगंठन में लोकतंत्र हैं इसलिये चुनाव है तो सब ने एकदम मान भी लिया। मडंलों में चुनाव अधिकारी भी गये और रायशुमारी लेकर आ गये। ओवर उत्साहित देवतुल्य को अनुभवी फूल ने बताया और याद भी दिलाया कि मौहल्ला चुनाव में मडंल वालों ने बॉयोडाटा लिये थे और उनकी कितनी चली सबने देखा। पहले ही बताया जा चुका है कि चुनाव तो बस शब्द हैं थोड़ा माहौल बनाने के लिये वर्ना खेल तो सारा आम सहमति का ही रहना है। चुनाव के ये अधिकारी हैं और आप ये समझ लो कि ये सिर्फ डाकिये हैं और इनका काम भी मडंल वाली डाक को सगंठन रहनुमाओं तक पहुंचाना है। नाम तो वहां से तय होने हैं और नई हवा की नई भाजपा में ये भी एक चलन हैं जिसका नाम भी पैनल में नही जाता वो नाम ही चैनल में आ जाता है।

### भगवा पार्षद हसबैंड का बज रहा है निगम में नाराजगी वाला बैंड

कहने को तो निगम के गार्डन में 75 फूल कमल के ही खिले हैं मगर अब सुना है कि इंटरनल सीन कूल नही चल रहा है। जो कल तक कुर्बान होने को तैयार थे वो अब जुबान भी खोलने को तैयार नही है। दल वालों का ही दिल टूटा है और वो दिल की बात बता भी नही रहे हैं। नदियापार वाले मेंबर हसबैंड ने कहा कि भाईसाहब हमने तो उसी दिन नबंर डिलीट कर दिया था जिस दिन बेवजह हमें एक घंटा वेट कराया गया था। नदियापार के ही दूसरे मेंबर हसबैंड ने भी कहा कि एक पर्चा ही तो था जिस पर उन्होने हमें एटीट्यूड भी दिखाया और रूड बिहेव भी किया। तीसरे मेंबर हसबैंड ने कहा कि हम तो बस खामोश हैं वरना ना तो टिकट उन्होने दिलवाया और ना ही हमें जितवाया।

## न्यूज डायरी

### सड़क हादसे में 2 दोस्तों की मौत, तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा, सीसीटीवी फुटेज तलाश रही पुलिस



नोएडा। नोएडा में सड़क हादसे में 2 दोस्तों की मौत हो गई। हादसा जेवर कस्बे में गोपालगढ़ गांव के पास हुआ। यहां रविवार रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने एक बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार 2 युवकों की मौत हो गई। युवकों की पहचान 20 वर्षीय हर्ष और सचिन के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने अज्ञात चालक के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया है। जेवर के मोहल्ला बुंदेलखंड में हर्ष और सचिन अपने परिवार के साथ रहते थे। दोनों युवक बाइक से कहीं जा रहे थे। इस दौरान जब वह जेवर-टप्पल मार्ग पर गोपालगढ़ गांव के पास पहुंचे। तभी तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। कोतवाल प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि मृतक के परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपी वाहन चालक की पहचान कर उसको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### उज्जवला सोसाइटी ने वस्त्र वितरण कार्यक्रम किया आयोजित



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सामाजिक संस्था उज्जवला सोसाइटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा अरोड़ा के नेतृत्व में गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारा रोड पर सोसाइटी की और से वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ो गरीब परिवारों को वस्त्र वितरित किए गए। गुरुद्वारे के प्रधान सरदार जसमीत सिंह, ह्नसरदार मनजीत सिंह जॉली व सरदार जसपाल सिंह के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में आयोजकों ने सर्दी के इस मौसम में अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी आगे आकर मदद करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में जैस्मिन कौर, गुरमीत कौर, शिखा भटनागर, रजनी भारद्वाज, नीलम गुप्ता, मीनू गोस्वामी, रिया जोसेफ, अपेक्षा जैन, दीपांशी गुप्ता, हिमांशी व संस्था की नई टीम अभय, ध्रुव खुराना, मनन अरोड़ा, कार्तिक, गोपाल, निष्ठा, नंदिनी, खुशी व गुरुद्वारा सिंह सभाए आदि सहयोग सराहनीय रहा।

### हापुड़ में कब्र खोदने को लेकर हुआ हंगामा

# शव को दफनाने के लिए खोदी जा रही थी कब्र, राजस्व टीम कर रही जांच



**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ में कोतवाली देहात इलाके के गांव वझीलपुर में कब्र खोदने को लेकर हंगामा हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की सूचना पर तहसील की टीम भी पहुंच गई। फिलहाल भूमि की पैमाईश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार ग्राम वझीलपुर निवासी 22 वर्षीय नौशाद की मौत हो गई। इसके बाद नौशाद के शव को दफनाने लिए कब्र खोदने का कार्य शुरू किया गया। जिस पर वहां विवाद हो गया। कुछ लोगों का दावा है कि यह कब्रिस्तान की नहीं बल्कि एलएमसी की जमीन है। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और संबंधित अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। मामले की जानकारी मिलने पर राजस्व की टीम भी मौके पर पहुंच गई। हंगामे की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है। साथ ही जमीन की पैमाईश के लिए टीम मौके पर है।

### राजस्व टीम जांच में जुटी

कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि राजस्व टीम मौके पर जांच में जुटी है। उधर एसडीएम अंकित वर्मा ने बताया कि सोमवार को एक युवक की मौत हो गई थी। जिसके बाद कब्र खोदने के लिए जैसे ही लोग पहुंचे तो कुछ लोगों ने विरोध किया। फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है।

# प्रेमिका के चक्कर में विवाहिता को घर से निकाला, पति सहित पांच नामजद



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक विवाहिता ने पति की प्रेमिका का विरोध किया तो पति सहित सुसराल पक्ष के लोगो ने उसे घर पर बंधक बनाकर रखा, बाद मे उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पीडिता की दी तहरीर पर पुलिस ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं। कस्बा निवाड़ी निवासी सतीश की पुत्री रिंकी त्यागी की (22) का विवाह गांव मंडौला निवासी राजन से हुआ था। विवाह के बाद पहली बेटी होने के दौरान सुसराल पक्ष के सकारात्मक रवैये के ना चलते रिंकी की आंखों की रोशनी चली गयी। आरोप है कि ससुराल पक्ष तभी से उसे परेशान कर रहा है। इतना ही नहीं पति का एक महिला से प्रेम प्रंसग चल रहा है, जिसका विरोध करने पर उसे कमरे में सुसराल पक्ष के लोगों ने काफी लंबे समय तक एक कमरें में बंधक बनाकर रखा। आये दिन झगड़ा कर उसे परेशान किया ओर जब वर्ष 2018 में उसे पुत्र रत्न प्राप्त हुआ, तभी से उसे मायके में छोड़ दिया। आरोप है कि सात साल से मायके में रहकर पीड़िता जब रिश्तेदारों की ओर से समझौता कराने के बाद फिर ससुराल पहुंची तो उसका मानसिक, शरारिक उत्पीड़न किया गया। पीड़िता के साथ अभद्रता व मारपीट कर फिर घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने इस बावत पति राजन, सास, ससुर, देवर, ननद आदि के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं।

# केमिकल से भरे टैंकर हाईवे पर आपस में टकराए, चालकों को अस्पताल में कराया भर्ती



**हापुड़, करंट क्राइम।** थाना सिंभावली क्षेत्र के नेशनल हाईवे-9 स्थित सिखेड़ा और कुलड़िया बीच देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। जहां दो टैंकर आपस में टकरा गए। हादसे के के बाद केमिकल फैलने से वाहनों की रफ्तार थम गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ड्राइवर को सकुशल बाहर निकाला। दोनों ड्राइवर को चोट आई, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टैंकर के चालक प्यारेलाल जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) से (यूपी) के गौतमबुद्ध नगर केमिकल लेकर जा रहा था। जब वह थाना सिंभावली क्षेत्र के ठल-9 स्थित सिखेड़ा और कुलड़िया के बीच पहुंचा तो उनका टैंकर अचानक बैलेंस बिगड़ने से दूसरी दिशा में चला गया और सामने से आ रहे दूसरे टैंकर से टकरा गया। दूसरे टैंकर में संदीप केमिकल लेकर जा रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों टैंकर पलट गए और केमिकल हाईवे पर फैल गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई, और सभी को मामूली चोटें आईं।

### पुलिस मौके पर पहुंची

घटना के बाद सूचना पर पहुंची सिंभावली पुलिस ने क्रेन बुलाकर दोनों टैंकर को सड़क से हटवाया।केमिकल के फैलने के कारण संभावित खतरों को देखते हुए वाहनों को पुराने हाईवे से रवाना करवाया गया, ताकि कोई और दुर्घटना न हो। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बालबाड़ी पब्लिक स्कूल कादराबाद में वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल टूनमिंट का शुभारंभ प्रबंधक संजय जैन व निदेशक विनय रूहेला ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। कक्षा आठवीं व नौंवी के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन बहुत ही खूबसूरती से किया। तत्पश्चात कक्षा नौंवी व ग्यारवीं के छात्रों ने पुनः वॉलीबॉल टूननिंट प्रारम्भ किया। अंत में कक्षा ग्यारवीं व बारहवीं के बीच मैच प्रारम्भ हुआ। जिसमें कक्षा ग्यारहवी के छात्र विजयी रहे। चेयरमैन श्रीमान संजय जैन, प्रबन्धक विनय रुहेला, प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ0 नीरू जोशी व सभी शिक्षकगणों ने बच्चों को खेल का महत्व बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

# सोसाईटी में दबंगों के हमले से युवक घायल

## अध्यक्ष ने कहा रेजीडेंट की सुरक्षा सुनिश्चित हो



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन की बाल मुकुंद सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ शबनम खान है। उन्होंने बताया कि सोसाइटी में दो युवक अपनी बाईक लेकर आये और सोसाइटी के गेट पर खड़ी कर दी। जब वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने बाईक हटाने के लिए कहा तो युवकों ने पहले गाली गलौच की और फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। इसके बाद वहां आये अन्य युवकों और उन दोनों युवकों ने आशीष त्यागी को पहले टक्कर मारी और फिर मारपीट की।




आशीष त्यागी सोसाइटी में बाउंसर है। इसके बाद युवकों ने आशीष के सिर में लोहे की रॉड मार दी और वहां से फरार हो गये। इस मामले में नन्दग्राम थाने में तहरीर दी गई है और मुकदमा दर्ज किया गया है। सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ शबनम खान ने कहा कि यह हमला पूरी तरह से सुनियोजित था और इस हमले के बाद सोसाइटी में रहने वाले सभी रेजीडेंट की सुरक्षा को खतरा हो गया है। उन्होंने कहा कि इस हमले में दो कार और एक बाईक भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस मामले में सोसाइटी की एक बैठक बुलायी जायेगी। इस तरह के हमलो से सोसाइटी के निवासियों के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है।




# जल्द शुरु होने वाला डंक एंड ड्राइव

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जल्द ही ट्रैफिक पुलिस वाले ड्रंक एंड ड्राइव अभियान शुरू करने वाले हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए इसमें थाना पुलिस को भी इस्तेमाल होगा। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है इसके लिए बाकायदा डंक एंड ड्राइव अभियान में इस्तेमाल होने वाले यंत्रों की साफ-सफाई और संख्या जांची जा रही है। सूत्र बता रहे हैं कि सर्दी का मौसम है और क्रिसमस से लेकर न्यू ईयर के बीच यातायात पुलिस इस अभियान को प्रमुखता से चलती है ताकि लोग शराब के नशे में वाहन ना चलाएं और सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। बता दें कि बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में यातायात माह भी चलाया गया था। उसमें लगभग डेढ़ लाख के आसपास वाहन चालकों के चालान भी हुए। चालान की कड़ी कार्रवाई और राजस्व की वसूली के बावजूद भी नियम तोड़ने वालों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। यातायात पुलिस वाले सूत्र बताते हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद गाजियाबाद में प्रतिदिन लगभग 3000 से अधिक वाहन चालकों के नियम तोड़ने के लिए चालान किए जाते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही बॉर्डर वाले इलाकों में ड्रंक एंड ड्राइव अभियान को शुरू किया जाएगा ताकि इसे अलग-अलग स्थानों पर प्रभावी बनाया जा सके। सुनने में यह भी आ रहा है कि इसके लिए बाकायदा ट्रैफिक के साथ-साथ थानेवार पुलिस भी अभियान को प्रमुखता से चलाएगी ताकि इसका बड़ा संदेश दिया जा सके। बता दें कि नए साल के लिए कुछ दिन शेष हैं, तो वहीं उससे पूर्व पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में नए कानून के तहत धारा-163 भी लगा दी गई है। जिसके तहत काफी तरीके की पाबंदियां और सख्ती बरती जाएंगी। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र यह जानकारी दे रहे हैं कि इस अभियान को सिटी जोन में भी इस बार प्रमुखता से चलाने का ट्रैफिक वाले अधिकारी प्लान कर रहे हैं, क्योंकि कुछ इलाके पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में ड्रंक एंड ड्राइव के लिए बदनाम चल रहे हैं। वहां पुलिस अब अपना अभियान चलाएगी और चालान का दंड लगाकर फंड भी इकट्ठा करने का काम करेगी। वहीं अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में डंक एंड ड्राइव कितना प्रभावी रहता है और किस जोन में इसका अधिक असर देखने को मिलता है।




### नोएडा प्रशासन को किसानों ने दिया 22 दिसंबर तक अल्टीमेटम

# एसकेएम ने कहा- किसानों को बिना शर्त रिहा किया जाए, 23 दिसंबर को होगा बड़ा ऐलान

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा की लुक्सर जेल में बंद किसानों को बिना शर्त तत्काल प्रभाव से छोड़ा जाए। आपके पास 22 दिसंबर तक का समय है। नहीं तो संयुक्त किसान मोर्चा बड़ा ऐलान करेगा। इसकी जिम्मेदारी आपकी यानी गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन की होगी। यह चेतावनी संयुक्त किसान मोर्चा ने दिया है। नोएडा के गांवों में किसानों को रिहाई के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। गौतमबुद्धनगर के वकील भी लामबंद हो चुके है। अब तक महज 26 किसानों को छोड़ा गया है। करीब 126 के आसपास किसान अब भी जेल में बंद है। बता दें किसानों ने जेल बंद होने के बाद वहां भूख हड़ताल का ऐलान किया था। लेकिन जेलर ने इसका खंडन किया था। फिलहाल लगातार जिला प्रशासन से बातचीत के बाद भी किसानों को अब तक रिहा नहीं किया गया। सिसौली मुजफ्फरनगर में 300 से ज्यादा किसानों ने पंचायत की। इस पंचायत में नरेश टिकैत और राकेश टिकैत भी शामिल हुए। पंचायत 4 घंटे तक चली। उन्होंने जिला प्रशासन को 22 दिसंबर का समय दिया।

राकेश टिकैत ने नोएडा में किसान आंदोलन के बाद पैदा हुए हालात पर चिंता व्यक्त की। चौधरी नरेश टिकैत ने गौतमबुद्धनगर के किसानों को सहयोग का भरोसा दिलाया। टिकैत ने कहा कि गौतमबुद्धनगर के प्रशासन के पास 22 दिसंबर तक का समय है। वह तुरंत प्रभाव से जेल में बंद किसानों को रिहा करे एवं किसानों के मुद्दों को लेकर उचित पटल पर किसानों से बातचीत शुरू करे। अन्यथा 23 दिसंबर को सिसौली में होने वाली महापंचायत में गौतम बुध नगर के आंदोलन को लेकर बड़ा ऐलान किया जाएगा।



### 4 दिसंबर से जेल में बंद हैं किसान

2 दिसंबर को नोएडा एक्सप्रेस वे से दिल्ली कूच के बाद 3 दिसंबर को किसानों को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद 4 दिसंबर को महापंचायत की गई। जिसमें किसानों को बिना शर्त रिहा किया गया। लेकिन उसी रात किसानों को दोबारा से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद लगातार किसानों की गिरफ्तारी की गई। कुछ किसानों को रिहा करने के बाद अब मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसके मामले में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी बयान दे चुके है। साथ ही नोएडा के वकील और गांवों में लगातार प्रदर्शन कर रहे है। इसके बाद भी किसानों को छोड़ा नहीं गया।

# गाजियाबाद राउंड टेबल 308 ने राजकीय कन्या विद्यालय विजयनगर में छह क्लास रूम का किया भूमि पूजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बच्चों की शिक्षा और विद्यालयों में क्लास रूम प्रोजेक्ट के तहत नए कमरों के निर्माण कार्य कराने की मुहिम में लगी गाजियाबाद राउंड टेबल 308 ने सोमवार को विजयनगर स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में छह क्लास रूम बनवाने के कार्य का विधि विधान से भूमि पूजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राउंड टेबल के इंटरनेशनल अध्यक्ष टीआर डेनिली सूसी, राउंड टेबल इंडिया के अध्यक्ष चेतन्य देव सिंह रहे जबकि विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव, राउंड टेबल इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष क्रिस्टोफर मिनटोफ, कोषाध्यक्ष ओमार हिमेसी, क्रिस्टर वेलेट, भूतपूर्व चेयरमैन जयंत अग्रवाल, राउंड टेबल इंटरनेशनल असपा के चेयरमैन राहुल अग्रवाल, राउंड टेबल इंडिया एरिया 5 के चेयरमैन स्वप्निल खंडेलवाल, वाइस चेयरमैन पुल्कित जिंदल, प्रोजेक्ट कन्वीनर अक्षय मित्तल रहे।



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने युवाओं की इस अंतर्राष्ट्रीय संस्था की गाजियाबाद इकाई गाजियाबाद राउंड टेबल 308 द्वारा बच्चों की शिक्षा में दिए जा रहे अहम योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राउंड टेबल का पूरे भारत में एक हजार क्लास रूम बनवाने का जो लक्ष्य है वह मील का पत्थर साबित होगा और शिक्षा के क्षेत्र में उनका यह योगदान नई पीढ़ी के लिए एक मिसाल बनेगा। उन्होंने गाजियाबाद राउंड टेबल की समस्त टीम को इस कार्य के लिए बधाई दी। गाजियाबाद राउंड टेबल 308 के द्वारा किए गए भूमि पूजन के इस कार्यक्रम शिरकत करने आए विदेशी मेहमानों ने भारत के स्कूलों व वहां शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों की प्रतिभा को भी खूब सराहा।

गाजियाबाद राउंड टेबल 308 के चेयरमैन टीआर पंकज मित्तल, उपाध्यक्ष अभिनव गोयल, सचिव शुभम जैन, कोषाध्यक्ष अर्जित जैन, पूर्व चेयरमैन मोहित गुप्ता ने आए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजकीय कन्या विद्यालय की प्रिंसीपल, अध्यापिकाओं व छात्राओं ने शिरकत की। इस मौके पर गाजियाबाद राउंड टेबल और गाजियाबाद यूनाइटेड राउंड टेबल के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# असद सरकार के सत्ता से हटने का असर

## कतर ने 13 साल बाद खोला अपना दूतावास

**दमिश्क ।** सीरिया में बशर अल असद सरकार के सत्ता से हटने और बागी समूहों द्वारा सत्ता कब्जाने के बाद अब दुनियाभर के देशों ने भी नई सरकार को स्वीकार कर लिया है और उनके साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने शुरू कर दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत सीरिया की राजधानी दमिश्क पहुंच चुके हैं। विशेष दूत ने सीरिया के नए नेता और हयात तहरीर अल शाम के प्रमुख अबू मोहम्मद अल जोलानी से भी मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि देश में एक विश्वसनीय न्याय प्रणाली स्थापित हो, अपराधों के लिए न्याय और जवाबदेही हो और बदले की भावना से काम न किया जाए।



कतर के दूतावास भी 13 साल बाद मंगलवार से फिर से दमिश्क में काम करना शुरू कर देगा। कतर ने 13 साल पहले सरकार विरोधी विद्रोह के शुरूआती दौर में दमिश्क में अपना दूतावास बंद कर दिया था। इस विद्रोह के बाद ही सीरिया में गृहयुद्ध शुरू हुआ था, जो 13 साल चला। गृहयुद्ध के दौरान दुनिया के अन्य देशों ने बशर अल असद सरकार के साथ अपने संबंध जारी रखे, लेकिन कतर ने ऐसा नहीं किया। तुर्किए ने भी 12 साल बाद दमिश्क में अपना दूतावास फिर से खोल दिया। सीरिया के उत्तर-पश्चिम में तुर्किए का काफी प्रभाव है और सीरिया की राजनीति में भी तुर्किए की खास जगह है।

### ब्रिटेन ने भी शुरू किया कूटनीतिक संबंध

ब्रिटेन ने भी सीरिया की नई सरकार के साथ अपने कूटनीतिक संबंध बहाल कर लिए हैं। हालांकि ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने कहा कि लंदन ने हयात तहरीर अल-शाम के साथ राजनयिक संपर्क स्थापित किया है, लेकिन वे अभी भी एचटीएस को एक आतंकी समूह मानते हैं। ब्रिटेन ने सीरियाई लोगों की मदद के लिए एक आर्थिक पैकेज का भी एलान किया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भी कहा है कि उनके देश के साल 2018 से ही एचटीएस के साथ सीधा संपर्क है। फ्रांस का भी एक राजनयिक दल मंगलवार को दमिश्क आने वाला है।

# द. कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति युन को पुलिस का समन, विपक्ष ने की कोर्ट से जल्द फैसले की मांग

**नई दिल्ली ।** दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ लागू किए जाने के कारण महाभियोग के जरिये राष्ट्रपति पद से हटाए गए युन सूक येओल को पुलिस ने पूछताछ के लिए समन भेजा है। हालांकि, वे पुलिस के समक्ष हाजिर नहीं हुए।

पुलिस ने फिर समन भेजने की बात कही है। इस बीच, द. कोरिया के विपक्षी नेता ने येओल को पद से हटाने के संबंध में शीर्ष अदालत से शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है। विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ली जे-म्यांग ने कहा कि अराजकता को कम करने का एकमात्र तरीका त्वरित निर्णय है। एजेंसी



### अदालत को 180 दिन में लेना है फैसला

येओल के खिलाफ महाभियोग चलाने के प्रस्ताव पर शनिवार को संसद में मतदान हुआ, जिसके समर्थन में 204 व विरोध में 85 वोट पड़े। राष्ट्रपति के तौर पर येओल की शक्तियां तब तक निलंबित रहेंगी, जब तक सांविधानिक अदालत उन्हें पद से हटाने अथवा उनकी शक्तियों को बहाल करने का फैसला नहीं सुना देती। अदालत के पास यह तय करने के लिए 180 दिन का समय है।

### कार्यवाहक राष्ट्रपति ने बाइडन से की बात

कार्यवाहक राष्ट्रपति हान ने रविवार को देश के सहयोगियों व वित्तीय बाजार को भरोसा दिया कि व्यवस्थाएं पहले की तरह काम करती रहेंगी। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर वार्ता में कहा कि दक्षिण कोरिया की विदेश व सुरक्षा नीतियां निर्बाध जारी रहेंगी तथा दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच गठबंधन और मजबूत होगा।

# नेतन्याहू और ट्रंप के बीच फोन पर हुई खास बातचीत

## इस्राइली पीएम बोले- पश्चिम एशिया का नक्शा बदल देंगे

**नई दिल्ली ।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बात की। नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी कर इसकी जानकारी दी। नेतन्याहू ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के साथ बहुत अच्छी, अहम और गर्मजोशी भरी बातचीत हुई। नेतन्याहू ने ये भी कहा कि उन्होंने ट्रंप को बताया कि इस्राइल को इस लड़ाई को खत्म करने के लिए क्या मदद चाहिए।



**गाजा में इस्राइली हमले में 45 हजार से ज्यादा लोगों की गई जान :** हमास ने बीते साल 7 अक्तूबर को इस्राइल पर बड़ा आतंकी हमला किया था, जिसमें 1200 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था।

अभी भी 100 लोग हमास की कैद में हैं। इस हमले के जवाब में इस्राइल ने गाजा पर हवाई और जमीनी हमला किया, जिसमें 45 हजार से ज्यादा लोग मारे गए। हमास का पूरा नेतृत्व खत्म हो चुका है, लेकिन अभी भी इस्राइली बंधक गाजा में कैद हैं, जिन्हें छुड़ाने की कोशिशें जारी हैं।

नेतन्याहू बोले- ट्रंप के साथ हुई अहम बातचीत नेतन्याहू ने वीडियो संदेश में ट्रंप से हुई बातचीत पर कहा कि 'ये बहुत दोस्ताना और अहम बातचीत रही।

हमने इस्राइली जीत के बारे में बात की, साथ ही बंधकों को छुड़ाने की कोशिशों पर भी चर्चा की।' नेतन्याहू ने कहा कि 'इस्राइल, बंधकों को घर वापस लाने के लिए लगातार काम कर रहा है और मैं ये कहना चाहता हूं कि हम इसके बारे में जितना कम बात करेंगे।

# इस्राइली कैबिनेट का बड़ा फैसला, कब्जे वाले गोलान हाइट्स में आबादी दोगुना करने की योजना को दी मंजूरी

**तेल अवीव ।** बढ़ते जंग की स्थिति के बीच इस्राइली कैबिनेट का बड़ा फैसला सामने आया है। जहां रविवार को कैबिनेट ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की योजना को मंजूरी दी, जिसका उद्देश्य गोलान हाइट्स में बसने वालों की आबादी को दोगुना करना है। वर्तमान में गोलान हाइट्स के इस्राइल-नियंत्रित हिस्से में करीब 50,000 लोग रहते हैं, जिनमें यहूदी और ड्रूज समुदाय के लोग शामिल हैं।

### क्या है इस योजना का लक्ष्य?

वहीं इस मामले में टाइम्स ऑफ इस्राइल की मानें तो नेतन्याहू के इस नई योजना में 40 मिलियन इस्राइल न्यू शेकेल (लगभग 11 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का खर्चा आएगा। बात अगर इस योजना के लक्ष्य की करें



तो इसका इसका लक्ष्य इस क्षेत्र में इस्राइली आबादी को दोगुना करना है। पीएम के कार्यालय ने दी जानकारी योजना को मंजूरी को लेकर प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि सरकार ने क्षेत्र के जनसांख्यिकीय विकास को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत शिक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, छात्र गांव की स्थापना और नए निवासियों को समायोजित करने की व्यवस्था की जाएगी। वहीं इस मामले में पीएम नेतन्याहू ने कहा कि गोलान को मजबूत करना इस्राइल को मजबूत करना है और यह खासकर इस समय

**हाल ही में, सीरिया में हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेतृत्व में विद्रोहियों ने 8 दिसंबर को बशर अल-असद के शासन को चुनौती दी। इसके बाद इस्राइल ने सीरिया में सैकड़ों हवाई हमले किए और गोलान हाइट्स के पास स्थित सैन्य ठिकानों पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया**

महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम इसे बनाए रखेंगे, इसे विकसित करेंगे और इसमें बसेंगे।

बता दें कि इस्राइल ने 1967 में सीरिया से गोलान हाइट्स पर कब्जा किया था और 1981 में इसे अपने नियंत्रण में ले लिया। हालांकि, दुनिया के अधिकांश देशों ने इस क्षेत्र पर इस्राइल के कब्जे को मान्यता नहीं दी है, लेकिन अमेरिका ने 2019 में इसे मान्यता प्रदान की।

### सीरिया में हमले और बढ़ती स्थिति

इस्राइल हवाई हमलों ने सीरिया की सैन्य क्षमताओं को काफी नुकसान पहुंचाया है। सीरिया को अब और संघर्ष नहीं चाहिए।

# गाजा : इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 25 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा ।** गाजा पट्टी में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल और एक नागरिक सुरक्षा केंद्र को निशाना बनाकर किए गए दो इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 25 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई।

गाजा स्थित स्वास्थ्य प्राधिकरण के एक अधिकारी मारवान अल-हम्स ने बताया कि रविवार को खान यूनिस में विस्थापित लोगों के एक स्कूल पर इजरायली एयर स्ट्राइक में लगभग 21 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। दर्जनों अन्य घायल हो गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे।

यह स्कूल नियर ईस्ट में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र रिलीफ एंड वर्क एजेंसी



(यूएनआरडब्ल्यूए) से जुड़ा है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, इस हमले पर इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

सूत्रों ने बताया कि मध्य गाजा में नुसेरात शरणार्थी शिविर के मध्य में एक आपातकालीन चौकी को

**फिलिस्तीनी पत्रकार सिंडिकेट ने एक बयान में कहा कि मृतकों में अहमद अल-लौह नाम का एक पत्रकार भी शामिल है, जो कतर के अल जजीरा टीवी के लिए फोटोग्राफर के तौर पर काम करता था**

निशाना बनाकर एक एयर स्ट्राइक की गई। इसमें एक पत्रकार सहित नागरिक सुरक्षा के चार सदस्यों की मौत हो गई।

गाजा में नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने इजरायल पर नागरिक सुरक्षा दलों पर 'जघन्य अपराध' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पीड़ित अपने मानवीय और राष्ट्रीय कर्तव्यों का पालन कर रहे थे। हालांकि, इजरायली सेना ने उस पर गाजा में इस्लामिक जिहाद आंदोलन का एक सैन्य संचालक होने का आरोप लगाया। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि उसकी एयर फोर्स ने नुसेरात शिविर में एक साइट को निशाना बनाया, जिसका इस्तेमाल 'आतंकवादियों' द्वारा आईडीएफ के खिलाफ हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया जाता था।

# युवा आबादी की गतिशीलता से ही तय होगा भारत का भविष्य, संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रम में बोले भारतीय राजदूत

**नई दिल्ली ।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि भारत की विशाल युवा आबादी की गतिशीलता व योगदान देश के विकास, हरित ऊर्जा परिवर्तन व सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण है। यूएन के वैश्विक संचार विभाग से संबद्ध गैर सरकारी संगठन 1एम1बी (वन मिलियन फॉर वन बिलियन) के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, आप युवा ही भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि आपको देश के शासन का हिस्सा बनने के साथ-साथ हमारी विकास यात्रा में साथी के रूप में मिलकर काम करना होगा।



इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा को अपनाने व सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को 2030 तक हासिल करने के लिए भी आपको मिलकर काम करना होगा। इनमें से प्रत्येक कार्य में आपकी गतिशीलता और आपका योगदान महत्वपूर्ण है। हरीश ने वर्तमान चुनौतियों और अवसरों मे युवाओं की भूमिका को भी सराहा।


### युवाओं के साथ मजबूती से काम कर रहा है 1एम1बी

1एम1बी के संस्थापक मानव सुबोध ने कहा, हमारा कार्यक्रम एआई फॉर इंडिया 2047 भारत की प्रतिभा को उस वक्त प्रदर्शित करेगा, जब देश अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा। 1एम1बी युवाओं के साथ मजबूती से काम कर रहा है। ये युवा भारत व दुनिया के भविष्य को आकार देंगे। 1एम1बी की स्थापना 2014 में की गई थी।

# विजय दिवस के अवसर पर भारत और बांग्लादेश की अहम पहल, 1971 युद्ध के नायक एक-दूसरे के यहां गए

**ढाका ।** 1971 में भारत के सामने पाकिस्तान के आत्मसमर्पण और बांग्लादेश के जन्म की याद में मनाए जा रहे विजय दिवस समारोह में भारत और बांग्लादेश के मुक्ति योद्धा भाग लेने पहुंचे। भारत-बांग्लादेश के संबंध इन दिनों कुछ ठीक नहीं चल रहे हैं। इस बीच भारत के आठ वरिष्ठ पूर्व सैनिक विजय दिवस समारोह में भाग लेने ढाका गए हैं। जबकि बांग्लादेश के आठ मुक्ति योद्धा कोलकाता आए हैं। विजय दिवस समारोह में युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। बांग्लादेश के अधिकारियों और ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत-बांग्लादेश के दो सेवारत अधिकारी भी आए हैं।

हर साल 16 दिसंबर को भारत और बांग्लादेश में विजय दिवस मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन वर्ष 1971 में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। इस जीत की वजह से बांग्लादेश को अपना खुद का बजूद मिला था। विजय



दिवस समारोह में हर साल भारत-बांग्लादेश के मुक्ति योद्धा भी भाग लेते हैं।

ये वह योद्धा हैं जिन्होंने 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी। इन्होंने पाकिस्तानी शासन का विरोध किया था।

बांग्लादेश में पूर्व पीएम शेख हसीना के पद छोड़ने और वहां हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर दोनों देशों के नाजुक संबंध के बीच सैनिकों की यह पहली यात्रा है। ढाका के एक राजनीतिक विश्लेषक ने कहा कि पूर्व सैनिकों की यात्राएं 1971 में बनी मित्रता की याद दिलाती हैं। उन्होंने कहा कि नौ दिसंबर को भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री के अपने समकक्ष जशीम उद्दीन के साथ मुलाकात के लिए ढाका आने के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में तनाव कम हुआ है। अब पूर्व सैनिकों के दौरों से दोनों देशों की एक-दूसरे के प्रति सद्भावना प्रकट होने की उम्मीद है।

भारतीय उच्चायोग ने कहा कि यह द्विपक्षीय यात्राएं मुक्ति योद्धाओं और मुक्ति संग्राम के दिग्गजों को दोनों देशों की अद्वितीय मित्रता का जश्न मनाने का मंच प्रदान करती हैं।

# अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के हितों के खिलाफ नहीं होने देंगे : श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ बातचीत की। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

दिसानायके ने अभूतपूर्व आर्थिक संकट के दौरान भारत के 'अत्यधिक समर्थन' के लिए आभार जताया और कहा कि श्रीलंकाई जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होगा।

श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने बातचीत के बाद कहा, मैंने भारत के प्रधानमंत्री को यह आश्वासन दिया है कि हम अपनी जमीन को किसी भी तरह से भारत के हितों खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने देंगे। भारत के साथ सहयोग निश्चित रूप से बढ़ेगा और मैं भारत के लिए अपने निरंतर समर्थन का आश्वासन देना चाहता हूं।

पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश



यात्रा पर रविवार शाम को भारत पहुंचे दिसानायके ने समर्थन और गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया उनकी यात्रा ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग और विकास का मार्ग प्रशस्त किया है।

श्रीलंका के सभी 25 जिलों में हमारा सहयोग है और हमारी परियोजनाओं का चयन हमेशा साझेदार देशों की विकास प्राथमिकताओं के आधार पर होता

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हम इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि हमारे सुरक्षा हित आपस में जुड़े हुए हैं। हमने रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने का फैसला किया है। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने श्रीलंका के विकास में भारत के मजबूत समर्थन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत ने अब तक श्रीलंका को 5 बिलियन डॉलर की ऋण सहायता और अनुदान सहायता प्रदान की है।**

है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अगले वर्ष से जाफना और पूर्वी प्रांत के विश्वविद्यालयों में 200 छात्रों को मासिक छात्रवृत्ति दी जाएगी। अगले पांच वर्षों में श्रीलंका के 1500 सिविल सेवकों को भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# डूंडाहेड़ा में तालाब की भूमि पर बन रहे मकान को महापौर सुनीता दयाल ने रुकवाया

## स्थानीय लोगों की शिकायत पर हुई कार्रवाई

### सरकारी भूमि कब्जा नहीं होने दी जाएगी : महापौर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 27 डूंडाहेड़ा गांव में स्थित खसरा नं. 583 जो राजस्व अभिलेखों में तालाब की भूमि है जो मोहल्ला सेनबिहार गली नम्बर 4 के आखिर में है। उक्त तालाब पर कुछ लोगों द्वारा फर्जी कागजातों के आधार पर कब्जा कर मकान बनाया जा रहा था, जिसकी शिकायत महापौर सुनीता दयाल को मिली और महापौर ने तत्काल संज्ञान लेकर नगर निगम के अधिकारियों से वार्ता कर अधिकारियों को मौके पर भेजा एवं तालाब पर किये जा रहे अवैध कब्जे को रुकवा कर अवैध कब्जे को हटवाए जाने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। साथ ही महापौर से अवैध कब्जा करने वालों की सूचना प्राप्त कर सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि जिस प्रकार धीरे-धीरे शहर के ही निवासी सरकारी भूमि को अपना समझकर तालाबों पर कब्जा कर रहे हैं। यह एक दिन शहर के लोगों के लिए ही घातक साबित होगा। तालाबों की भूमि को सभी मिलकर बचाएं और अगर नगर निगम की भूमि कब्जा करने वाले नहीं मानते हैं तो नगर निगम कब्जा हटाएगा भी और कानूनी कार्रवाई भी करेगा।

# महापौर सुनीता दयाल ने 2.5 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

## दुहाई एवं मैनापुर औद्योगिक क्षेत्र को मिलेंगी नई सड़कें, होंगे प्रदूषण मुक्त : महापौर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 32 मास्टर कॉलोनी में सोमवार को 20 लाख की लागत से बने मुख्य सड़क का लोकार्पण, वार्ड 46 में मेरठ रोड औद्योगिक क्षेत्र से होकर मैनापुर गांव को जाने वाली सड़क का 1 करोड़ 57 लाख की लागत से निर्माण का शिलान्यास एवं दुहाई औद्योगिक क्षेत्र में पांचाल कांटे से खसरे न 686 तक 84 लाख की लागत से सड़क निर्माण का शिलान्यास महापौर सुनीता दयाल के कर कमलों द्वारा किया गया। सोमवार को महापौर द्वारा शहर में लगभग 2.5 करोड़ के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम किए गए हैं जिसमें स्थानीय पार्षद सहित गांव वासी एवं औद्योगिक क्षेत्र के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे और सभी ने महापौर सुनीता दयाल का भव्य स्वागत कर धन्यवाद प्रकट किया। मैनापुर और दुहाई औद्योगिक क्षेत्र में यह रास्ते बिल्कुल कच्चे हो चुके थे, धूल रहती थी और पूर्व में मैनापुर ग्रामवासियों ने सड़क निर्माण के लिए प्रदर्शन भी किया था, जिसको लेकर महापौर सुनीता दयाल ने 15वें वित्त आयोग से यह कार्य पास कर निर्माण कार्य शुरू कराया है। महापौर ने बताया कि ग्रामवासी और औद्योगिक क्षेत्र के लोगों से लगातार वार्ता हुई, उन्होंने बताया था कि हर समय धूल रहती है और बरसात में जलभराव हो जाता है। निकासी में बहुत समस्या होती है, तब यह कार्य की पत्रावली तैयार कराकर निर्माण कार्य शुरू कराया जा रहा है। अब यहाँ प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी और आपके प्रतिष्ठान में बाहर से आने वाले लोग भी अब आसानी से आपके यहाँ आ सकेंगे। सभी लोगों ने महापौर का भरपूर उत्साह से साथ सम्मान किया और कहा कि लगभग 20 वर्षों से यहां के हालात ऐसे ही हैं। किसी ने भी यहां विकास करने की नीयत नहीं बनाई और आपने कम समय में ही 2.5 करोड़ की सड़क प्रदान की है। हम सभी आपका धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। इस दौरान पार्षद सुभाष चौधरी, अध्यक्ष सुनील त्यागी,उपेन्द्र गोयल, संजय कुशवाहा, सचिन शर्मा, मनोज चौधरी, अंकुश त्यागी, अमित अरोड़ा, रमणीक, सतीश कुमार, विवेक, वेदप्रकाश, अवतार सिंह, दीपक अग्रवाल, मोहित गर्ग, हरेन्द्र चौधरी, सी पी पांडेय, राजीव त्यागी, रोहित बाल्यान, शिवम त्यागी, पूर्व पार्षद राकेश त्यागी, राजपाल आदि उपस्थित रहे।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये बात ना जाने कितनी गलत है और ठीक? हमें अंदर से मिली है जानकारी, एक साईकिल और एक भगवा नेता की खुल रही है हिस्ट्रीशीट? कहने वाले ने कहा कि दोनों ही नेताओं का है क्रान्तिकारी इतिहास? क्रान्ति के लिए ही इन्होंने जगह बनाई है समाज में खास? दोनों की बिरादरी का भी है एक ही नाता? सुना है खुल चुका है खाकी वाले महकमें की शीट में दोनों का खाता?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सदस्यता का रिकार्ड तोड़ने वाले ब्लॉक वाले प्रमुख साहब भी अध्यक्ष पद की दावेदारी में आ गये हैं साहब? सुना है इन्होंने भी देख लिये हैं अध्यक्ष बनने के ख्वाब? इन पर बताया जाता है द यूनियन वालों का भी आशीर्वाद? देखना अब ये है कि उनकी इस मुहिम में क्या मिलेगा उनको विधायक जी का भी साथ? सुना है बिरादरी वालों का हमेशा ऊंचा करके चलते हैं विधायक जी हाथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वैसे ब्लॉक वाले प्रमुख साहब महानगर अध्यक्ष वाली मुहिम में थोड़ा लेट? हमारे पास इसके आगे की जानकारी है अप-टू-डेट? सुना है संगठन वाले त्यागी जी को मिल गया है विधायक जी का आशीर्वाद? एक समय इन त्यागी जी ने लिखी थी बलिदान की गाथा? इस तरह की बातों को नहीं भूलते हैं विधानसभा वाले साहब? कहने वाले ने कहा हो सकता है, ये महज चर्चा हो? मगर इस चर्चा ने ही लगाई हुई है इस वक्त कई दिलजलों के दिल में आग?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जायसवाल जी ने साबरमती एक्सप्रेस दिखाने के लिए बुक कर दिया पूरा हॉल? कहने वाले ने कहा देखते ही बन रहा था पिक्चर हॉल का माहौल? खचाखच भरा नजर आ रहा था पूरा हॉल? कहने वाले ने कहा ये सब जायसवाल जी के एक बुलावे पर आये थे? समझ जाओ कितना समर्थकों का प्यार है उनके साथ? यहां औरों को भीड़ जुटाने के लिए मिलाना पड़ा था कई-कई बार फोन? यहां एक ही कॉल में सब हो गये पिक्चर देखने के लिए ऑन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वसुंधरा मंडल चुनाव का जिनको बनाया गया है प्रभारी? वो व्यक्ति हमें लगे बहुत ही ठीक? उनकी निष्पक्षता करा रही थी इस बात का एहसास? पार्टी ने यहां पर बंदा भेजा है सटीक? कहने वाले ने कहा चुनाव की गोपनीयता जब किसी ने की फोटो खींच कर भंग? इस मामले को देखकर चुनाव प्रभारी हो गये दंग? उन्होंने ठाकुर से कह कर करा दी तुरंत ही फोटो डिलीट? कह दिया स्पष्ट अगर हमारी इस बात से किसी को दिक्कत आ रही हो? तो वो प्रदेश वालों से बात करके कर सकते हैं मामले को ठीक?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वसुंधरा वाले एरिया में चल रहा है कमिश्नरी का चुनाव? हम देख रहे थे टी-सीरिज के तीनो टी यहां पर दिखा रहे थे पूरा लगाव? वो यहां पर त्यागी जी को कर रहे थे सपोर्ट? चाह रहे थे अभिषेक ठाकुर को चुनाव लड़ने के लिए मना कर दें? ताकि त्यागी को अध्यक्ष बनवा सकें और अभिषेक के नाम पर लगवा सकें महामंत्री वाली ओके की रिपोर्ट? सुना है उनके इस प्रस्ताव को जय के दोस्त ने नहीं किया स्वीकार? ठाकुर ने कहा ना जाने क्यों ये तीनों इतना दखल दिखा रहे हैं यार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बृज वाले एरिया में भी चल रहा था भगवा कमिश्नर का चुनाव? इस चुनाव में कुछ ज्यादा ही मिस्टर खेमका, मिस्टर गोयल और भगवान की कामना करने वाले मिस्टर अग्रवाल दिखा रहे थे लगाव? काफी देर तक तीनों कर रहे थे खड़े होकर बात? जब हमने इनकी भावनाओं को दूर से नोटिस किया? तब पता चला ये तीनों बॉबी भैया की फिल्म को हिट करने का मिलकर ले रहे थे तनाव?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वसुंधरा में चुनाव लड़ने की जंग लगातार थी जारी? हमने देखा यहां पर जय के दोस्त वीरू भैया उर्फ ठाकुर साहब भी ठोक कर, कर रहे थे अपनी दावेदारी? उन्हें अपने फॉर्म पर थी प्रस्तावक की दरकरार? मगर कोई भी चेहरा उनको लेकर नहीं दिखा बेकरार? भगवा सौलंकी से लेकर भगवा झा ने खड़े कर दिये अपने हाथ? यहां पर मौजूदा कमिश्नर शर्मा जी ने दिखाया सबसे बड़ा दिल? कहा जहां हस्ताक्षर कराने हों, मुझसे करा लेना? किसका है ये तुमको इंतजार, मैं हूं ना तुम्हारे साथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अब पहले की तरह नहीं दिखती है युवा वाले मोनू भैया की क्रान्ति? सुना है जब से वो हुए हैं एक से दो? तब से धारण कर ली है उन्होंने शांति? अब तो बस दर्द से भरी हुई शायरी ही वो फेसबुक पर करते हैं शेयर? राजनीतिक गतिविधियों में भी उनके दर्शन होते हैं रेयर? कहने वाले ने कहा अगर यही हाल रहा तो समाज से एक क्रान्तिकारी नेता धीरे-धीरे हो जायेगा दूर? अब हमारा दिल उनको बार-बार याद करता है? अब आप ही बताईये इस दिल का क्या है कसूर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब उठा ही रहे हो आप दनादन वसुंधरा वाले कमिश्नरी में हुए चुनाव को लेकर सवाल? तो फिर यहां पर आप पूरी कान्ति से एक चेहरे का भी रखो ख्याल? सुना है यहां पर भी इस चेहरे को लेकर किसी ने दी मिसाल? कहा महानमंत्री के तौर पर ये अपने समकक्ष वाले से हमेशा रहे हैं काफी एक्टिव? इसलिए अध्यक्ष पद पर रखा जाये उनका पूरी शिद्दत से ख्याल?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# ललित जायसवाल ने सहयोगियों संग देखी फिल्म 'साबरमती रिपोर्ट्स'










**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** फिल्म साबरमती रिपोर्ट्स सोमवार को ओपेलेंट मॉल में पीवीआर का एक शो बुक करके श्री धार्मिक रामलीला समिति के सदस्यों, वरिष्ठ नागरिकों के समूह और सिविल डिफेंस गाजियाबाद के वार्डेंस को निःशुल्क दिखाई गई तथा मध्यांतर में जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। हॉल की सभी 230 सीट्स सीनियर सिटीजन एसोसिएशन,श्री धार्मिक रामलीला समिति और सिविल डिफेंस गाजियाबाद के गणमान्य सदस्यों से भरी हुई थी और आए हुए सभी लोगों ने फिल्म का पूरा आनंद लेते हुए ललित जायसवाल का तहेदिल से अच्छी फिल्म दिखाने के लिए धन्यवाद दिया।

# वृहद रूप से चल रहा है अवैध अतिक्रमण हटाने अभियान

## मोहन नगर, विजय नगर सहित सिटी तथा कवि नगर में हुई कार्रवाई

### अवैध अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ निगम ने 3,26,500 का वसूला जुर्माना







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार पांचों जोन के अंतर्गत अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान निरंतर चल रहा है। मोहन नगर जोन अंतर्गत कटोरी मिल के आसपास अवैध अतिक्रमण हटाया गया तथा 40,000 की वसूली की गई। सिटी जोन अंतर्गत पटेल नगर पुराना बस अड्डा आसपास अवैध अतिक्रमण हटाया गया 2,31,500 की वसूली हुई। इसी क्रम में विजयनगर अंतर्गत शिवपुरी में भी अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कवि नगर जोन अंतर्गत राजनगर सेक्टर 10 तथा 14 में अवैध अतिक्रमण हटाते हुए 55000 की वसूली की गई। साथ ही साथ शहर को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए भी जन-जन को जागरूक किया गया है। गाजियाबाद नगर निगम जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए शहर हित में कार्य कर रहा है। व्यापारी वर्ग का भी निगम को सहयोग प्राप्त हो रहा है। मार्गों को खाली करने तथा आवागमन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्रवाई कर रहे हैं जो कि सराहनीय है। अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों पर नगर निगम की टीम जुर्माना वसूलने की कार्रवाई भी कर रही है। नगर आयुक्त द्वारा लगातार शहरवासियों से तथा बाजारों में दुकानदारों से शहर को अवैध अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील की जा रही है।

## जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने की जनसुनवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी प्रशासन कार्यालय में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से अन्तिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक जनसुनवाई की जाती है। जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों एवं आवेदनों का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होता है, जिसके चलते जिलाधिकारी को अपनी शिकायतों और प्रार्थना पत्रों को प्रेषित करने हेतु भीड़ लगी रहती है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त व्यक्तियों के शिकायती पत्रों को बड़ी गम्भीरता से पढ़ा जाता है और उन्हें सुना जाता है। अधिकांश मामलों को जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित कर दिया जाता है और शेष शिकायतों को वाट्सअप आदि के माध्यम से संबंधित अधिकारी को निराकरण के लिए भेज दिया जाता है। शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए भी निर्देशित कर दिया जाता है। जन सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं एवं प्राथियों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़े से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। इस मौके पर अभिनव गोपा मुख्य विकास अधिकारी, रणविजय सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन, विवेक मिश्र एडीएम एल/ए, डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय सिटी मजिस्ट्रेट सहित उपस्थित रहे।

रस्म पगडी



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी
**श्री नारायण दास चुटानी**
का स्वर्गवास रविवार दिनांक **8/12/2024** को हो गया है भगवान की ऐसी ही इच्छा थी

कार्यक्रम : दिनांक 20/12/2024 दिन शुक्रवार

प्रसाद वितरण ............ दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगडी ............ दोपहर 1:30 बजे से 3:00 बजे तक

**कार्यक्रम स्थल रामलीला मैदान, कवि नगर गाजियाबाद**

**शोकाकुल :**
चुटानी परिवार व डाबर परिवार

# 29 दिसंबर को होगा गाजियाबाद चित्रगुप्त सभा का छठा वार्षिकोत्सव और संगत-पंगत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सामाजिक एकता और समरसता के लिए प्रयासरत 'गाजियाबाद चित्रगुप्त सभा' अपने सभी 23 सहयोगी सभाओं के साथ मिलकर अपना छठा वार्षिक समारोह एवं संगत पंगत का आयोजन 29 दिसम्बर को वृन्दावन ग्रीन में आयोजित कर रही है। इसी सन्दर्भ में सोमवार को संरक्षक अशोक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कोर कमिटी और आयोजक समिति के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें वार्षिकोत्सव को लेकर अभी तक हुई तैयारियों की समीक्षा की गई। मुख्य संयोजक अनुरंजन श्रीवास्तव ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपने चित्रांश सम्माज में क्रियाशीलता लाने के साथ समाज में एकजुटता एवं भाईचारा का सन्देश देना है। कायस्थों के जाने-माने बहुचर्चित चित्रांश चैम्बर ऑफ कॉमर्स का विशेष पवेलियन लगाया जाएगा, जिसमे चित्रांश व्यवसायी अपने व्यवसाय, उत्पाद एवं सेवाओं का स्टाल लगा रहे हैं। सोमवार की बैठक में मुख्य रूप से अशोक श्रीवास्तव, अनुरंजन श्रीवास्तव, विकल कुलश्रेष्ठ, कुलदीप बरतरिया, राहुल प्रकाश, आनंद श्रीवास्तव, सुनील सक्सेना, राजेश श्रीवास्तव , सुधीर श्रीवास्तव, रूपेश वर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, सुयश प्रसाद, रमेश श्रीवास्तव, डी के श्रीवास्तव, अनिल सिन्हा, मनीष अंबास्ट, विशाल गौतम ,अरविन्द नारायण, धीरज सहाय, वरुण सक्सेना, संदीप श्रीवास्तव, गौतम सिन्हा , समिति के अन्य सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता के पौत्र ताशिवक गुप्ता का हैप्पी बर्थडे है तो दादा की खुशी कुछ अलग है। अभिषेक गुप्ता सुरभि गुप्ता के सुपुत्र ताशिवक के जन्मदिन पर बधाई शुभकामनाएं ओर आशीर्वाद शुभाशीष देने वालों का लंबा सिलसिला सोशल मीडिया पर चलता रहा। सभी ने नन्हे समरकूल ब्वॉय ताशविक की लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन खुशहाल जीवन की कामना की। पौत्र के जन्मदिन पर दादा संजीव गुप्ता के आशीर्वाद को अपने आप में समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।